अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच

मूल्य : 15 रूपये मासिक
150 रूपये वार्षिक

मंच संदेश

एक मंच – एक लक्ष्य
सशक्त युवा – सशक्त राष्ट्र

वर्ष 33, अंक 212, पृष्ठ 60, 19–20 जून 2025 | Web Site: www.aimym.org | Email: mayumhq@gmail.com

मंच दर्शन – मंच आधार : जनसेवा | मंच भाव : समाज सुधार | मंच शक्ति : व्यक्ति विकास | मंच चाह : सामाजिक सम्मान एवं आत्मसुरक्षा | मंच लक्ष्य : राष्ट्रीय विकास एवं एकता

R.N.I REGN. No. : 61416/1994 | POSTAL REGN. : DL (DG-11)/8052/2024-2026 | LICENSED TO POST WITHOUT PRE PAYMENT U (DN) 165/2024-2026

POSTED AT : DELHI RMS. DELHI-6 | PUBLICATION DATE : 02-03 & 17-18 | POSTING DATE : 04-05 & 19-20 FORT NIGHTLY







विषय सूची

मन की बात	03
राष्ट्रीय अध्यक्ष के सांगठनिक दौरे	04
राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सांगठनिक दौरे	06
पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी	08
राष्ट्रीय समिति एवं फोरम पदाधिकारीगण	09
पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक	11
शाखा पदाधिकारियों की सांगठनिक कार्यशाला	13
प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठकें	13
प्रांतीय संवाद	14
मंच परिवार में नवगठित शाखाओं का अभिनन्दन	18
राष्ट्रीय कार्यक्रम	19
मंच डायरेक्ट्री 2025-26 का प्रकाशन	22
राष्ट्रीय प्रकल्प	23
राष्ट्रीय शुल्क प्रेषण	41
शाखा गतिविधियां	42
कैलेन्डर	58

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच

युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति

एक मंच – एक लक्ष्य
सशक्त युवा – सशक्त राष्ट्र

मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम

- एम्बुलेंस व शववाहिनी
- कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण
- साहित्य प्रकाशन
- अमृतधारा
- कन्या भ्रूण संरक्षण
- रक्तदान
- कैंसर जाँच एवं जागरूकता
- अंगदान-देहदान



मन की बात

प्रिय युवा साथियों,
सप्रेम नमस्कार।

मारवाड़ी युवा मंच की यात्रा सेवा, संस्कार और समर्पण की अनवरत धारा है। यह केवल संगठन नहीं, यह भाव है - समाज को जोड़ने का, मन को सींचने का और जीवन में कुछ सकारात्मक बीज बोने का।

बीते दिनों देश के विविध कोनों में मंच की शाखाओं से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ - और हर स्थान पर एक ही बात ने मन को छू लिया - **'एक मंच-एक लक्ष्य'** की भावना हर दिल में जीवंत है। भटली धाम में श्री श्याम बाबा के अद्भुत दर्शन व ओडिशा प्रान्त की प्रथम कार्यकारिणी बैठक तथा क्षेत्र-4 की पीएसटी प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने का अवसर मिला, जहां कार्यक्रम **'राष्ट्रीय अध्यक्ष से रुबरु'** में शाखा व प्रान्तीय पदाधिकारियों से आपसी संवाद का सीधा अवसर मन को छू गया, साथ ही छत्तीसगढ़ की पिथौरा के ऊर्जावान युवाओं व बसना शाखा, रायपुर शाखा के पदाधिकारियों से मिलने का अनुभव, अनुपम रहा। श्रीगंगानगर की पुण्यभूमि पर वर्षों बाद राष्ट्रीय प्रतिनिधि के रूप में पहुँचना। साथियों के बीच अपनत्व का जो भाव उमड़ा, वह युवा मंच का एक अनूठा सुखद अहसास था, साथ ही सूरतगढ़ व सुजानगढ़ की शाखाओं से मिलना व कई प्रोजेक्टों का शुभारंभ सुखद रहा। वहीं उड़ीसा की पावन भूमि पुरी में **रथयात्रा** के दौरान भगवान श्रीजगन्नाथ जी के चरणों में नतमस्तक होना और वहाँ पैदल तीर्थयात्रियों की सेवा करते मंच बंधुओं को देखना - यह सब मेरी अध्यक्षीय यात्रा को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने वाला रहा।

साथियों, राष्ट्रीय संयोजक श्री मोहित अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय प्रकल्प **'अमृतधारा एवं जल संरक्षण'** के अन्तर्गत सभी शाखाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता दी, जिससे लाखों लोगों ने तृप्ति का आनंद लिया। इसी रूप में राष्ट्रीय संयोजक श्री सूरज जालान के नेतृत्व में वर्तमान माह में गतिमान **'रक्तदान महा-उत्सव एवं रक्तदाता सम्मान पखवाड़ा'** को आप अपनी अथक ऊर्जा से सफल बनाने में, सकारात्मक सहयोग प्रदान करें। आपकी समर्पित सेवाओं हेतु सभी युवा साथियों का अभिनंदन।

साथियों किसी भी संगठन की संगठनात्मक मजबूती हेतु अति महत्वपूर्ण विषय है संगठन के उद्देश्यों तथा मूलभूत बातों को समझना व सीखना। इस हेतु हमने इस बार सभी क्षेत्रों में **साक्षात बैठक (Physical Meeting)** के माध्यम से पीएसटी प्रशिक्षण का कार्य करने का निश्चय किया है, जिससे संगठन में मानवीय संबधों की मजबूती होना, शाखा पदाधिकारियों का आपसी संवाद बेहतर होना, संगठन की सक्रियता, आत्मविश्वास में वृद्धि, सुव्यवस्थित कार्यशाली का विकास, समूह में कार्य करने की भावना, समन्वय, अनुशासन आदि गुण विकसित होते हैं। सभी क्षेत्रीय उपाध्यक्षों व प्रान्तीय इकाइयों से आग्रह है कि वह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अवश्य करवाएं।

'जे थै कोनी गाओला तो म्हांनै, मीठो मारवाड़ी गीत कियां सुणीजैला' 21 जून सुं 10 जुलाई तांई **'मारवाड़ी गाओ, सेल्फी रील बणाओ'** इण कार्यक्रम में भाग लेर, आपरी बोली री मिठास सोशल मीडिया रा माध्यम सूं घणा दूर तक फैलावां। आपरो परिवार, समाज बंधु, बालक-बालिकावां, सबनै जोड़ो और बणाओ एक-एक रील। आपरो प्यार, आपरी संस्कृति रे सागे! आओ मारवाड़ी बोली रो गौरव बढ़ावो।

'यत्र वृक्षाः तत्र जीवन'

आज मैं आप सबका ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ - **'पर्यावरण असंतुलन'**, जो वर्तमान युग की सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। प्रदूषित वायु, घटता जलस्तर, बढ़ता तापमान, मिटती हरियाली और कम होती जैव विविधता - ये संकेत हैं कि अब समय नहीं बचा... अब संकल्प का समय है। जुलाई माह को पर्यावरण माह के रूप में राष्ट्रीय प्रकल्प पर्यावरण एवं स्वच्छ भारत के अन्तर्गत कार्यक्रम **'वन महोत्सव'** मनाने जा रहे हैं।

इस दौरान सभी शाखाएं वृक्षारोपण, पर्यावरणीय जनजागरूकता रैली, प्लास्टिक मुक्ति अभियान और सस्टेनेबल जीवनशैली को बढ़ावा देने जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करें।

वृक्षारोपण की यदि हम बात करें तो **'एक वृक्ष-दश पुत्र समान'** एक वृक्ष उतना ही मूल्यवान है जितने दस पुत्र। यह वाक्य केवल शास्त्रों का नहीं - यह जीवन का गूढ़ सत्य है। वृक्ष ही हमारे प्राणवायु (Oxygen) के स्रोत हैं। तापमान को संतुलित करते हैं। हरियाली न केवल आँखों को सुख देती है, मन को भी शांति देती है। आओ हम सभी 'सशक्त युवा' संकल्पित होकर **'एक लक्ष्य'** लें की **'हरित राष्ट्र'** बनाएं।

साथियों, एक बीज बोना सरल है, परंतु उस बीज को वृक्ष बनने तक पालना तपस्या है। पौधों की समय-समय पर देखभाल करना - यह हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण संकल्प के साथ-साथ हम **'संरक्षण मित्र'** बनकर - उसकी नियमित देखभाल करें।

विशेष इस हरियाली अभियान को हम अपने बच्चों के साथ मनाएं, ताकि यह भावी पीढ़ियों तक जाए। इस धरती को फिर से **'सांस लेने लायक'** बनाएँ। प्रकृति हमारा साथ तभी देगी, जब हम उसका साथ निभाएंगे।

बदले मौसम के अनुसार हमें अपना और अपनों की सेहत का ख्याल तो रखना ही है, पर अगर कहीं आपदाजन्य परिस्थिति होती है तो सेवा का अंबर भी लगाना है।

एक मंच-एक लक्ष्य। सशक्त युवा-सशक्त राष्ट्र।।

साथियों, बहुत जल्द पुनः रुबरु होने की आशा के साथ....
आप सब स्वस्थ रहो, इस मंगल भावना के साथ

सुरेश एम. जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष

राष्ट्रीय अध्यक्ष के सांगठनिक दौरे

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन अपने सांगठनिक दौरे के अन्तर्गत 17 मई, 2025 को रांची एयरपोर्ट पहुँचे। एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत प्रांतीय अध्यक्ष श्री विशाल पाडिया, महामंत्री श्री दीपक गोयनका, कोषाध्यक्ष श्री विकास झाझरिया, उपाध्यक्ष मंडल-१ के श्री आशीष अग्रवाल तथा रांची की सभी शाखाओं द्वारा किया गया। रांची पहुँचने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने रांची की विभिन्न शाखाओं **रांची, रांची समर्पण, दक्षिण रांची, दक्षिण रांची जागृति शाखा** आदि के पदाधिकारियों से सौहार्दपूर्वक भेंट की।

रांची के दूसरे दिन 18 मई, 2025 को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रथम कार्यकारिणी बैठक रांची शाखा द्वारा आयोजित की गई, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करते हुए सभी सदस्य एकजुट होकर मंच के लक्ष्यों की प्राप्ति करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने आगामी राष्ट्रीय प्रकल्पों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की, जिनमें १) हेल्थ कार्ड योजना, २) मंच को जानो अभियान, ३) रक्तदान शिविर एवं रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम एवं ४) सभी सदस्यों का पूर्ण और सटीक डेटाबेस तैयार करना, जिससे सदस्यों को बेहतर लाभ मिल सके। इस बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलराम सुल्तानिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-२ श्री हर्ष सुल्तानिया, राष्ट्रीय निदेशक व्यक्ति विकास श्री अभिषेक अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोविंद मेवाड़ एवं श्री नंद किशोर अग्रवाल, पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष श्री विनय अग्रवाल एवं श्री प्रवीण छाबड़ा भी उपस्थित हुए।

दिनांक 25 मई, 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं मंच की प्रथम महिला श्रीमती रक्षा एस. जैन सहित दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युवा भवन का अवलोकन किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रवि अग्रवाल एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री पंकज बरडिया साथ रहे। तदुपरान्त राष्ट्रीय मुख्यालय पहुँचकर कार्यालय के कार्यो को और बेहतर एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किये।

दिनांक 29 मई 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन एवं प्रांतीय संयोजक राजनीतिक चेतना श्री अमित चौधरी का रायपुर से भटली धाम जाते समय **पिथौरा** आगमन हुआ। इस दौरान छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गांधी द्वारा उनका शानदार स्वागत-अभिनन्दन किया गया। स्वागत की कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को श्री मनीष अग्रवाल द्वारा चांदी की गौ माता का स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। इस दौरे में प्रान्तीय टीम के अधिकांश पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे। इसके बाद वे पिथौरा नगर स्थित श्री गोविंद कमला गौधाम पहुँचे, जहां उन्होंने गौमाता को हरा चारा एवं भोग अर्पित किया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन ने श्री राजकुमार अग्रवाल के घर बसना जाकर उनकी दादी जी के स्वर्गवास (उनके पिताजी की चाचीजी) शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर प्रांतीय टीम के अधिकांश पदाधिकारियों की सराहनीय उपस्थिति रही।

सांगठनिक दौरे के क्रम को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 29-30 मई को **भटली** में ओड़िशा प्रांत के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अजय शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित ओडिशा प्रान्त की 14वीं प्रान्तीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की विनम्रता, दूरदर्शिता और मार्गदर्शक भूमिका ने बैठक में प्रत्येक सदस्य को प्रभावित किया। और युवाओं को आत्मविश्लेषण करने और समाज व संगठन के प्रति अपने कर्तव्यों को और अधिक गंभीरता से निभाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी का प्रेरणादायी साथ मिला।

इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-४ श्री अमर सुलतानिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-४ श्री रोहित काबरा, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गांधी, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय निदेशक श्री मनीष अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र अग्रवाल, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री ओम प्रकाश तुलस्यान, श्री नरेश अग्रवाल, उत्कल प्रान्तीय सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री दिनेश



झारखंड प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्वागत


राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का राष्ट्रीय मुख्यालय में स्वागत व सम्मान

अग्रवाल तथा सभी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों एवं छत्तीसगढ़ से पधारे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष व सभी युवा साथियों की सराहनीय उपस्थित रही। दिनांक 30 मई 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी के चेयरमैन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल के नेतृत्व में ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश प्रांत के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्षों की कार्यशाला का आयोजन रखा गया।

30 मई को कार्यक्रम समापन के पश्चात् राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने ओडिशा प्रांत की **बरगढ़ शाखा** का दौरा कर कार्यो का अवलोकन किया। इस दौरान आयोजित बैठक में **बरगढ़ जागृति एवं बरगढ़ सृष्टि शाखा** के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सराहनीय उपस्थिति रही। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री जय प्रकाश लाठ, पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल सहित वरिष्ठ साथियों से मुलाकात हुई। इसके बाद छत्तीसगढ़ प्रांत की **बसना शाखा** का सांगठनिक दौरा किया। पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का शानदार एवं भव्य रूप से स्वागत-अभिनन्दन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने आयोजित बैठक में सांगठनिक बिन्दुओं के साथ मंच के आगामी मुख्य कार्यक्रमों की पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए सहयोग की अपेक्षा की। बसना शाखा में बैठक आयोजित कर, फिर रायपुर होते हुए अग्रिम गंतव्य स्थान की ओर प्रस्थान किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा अपने सांगठनिक दौरे को आगे बढ़ाते हुए 1 जून, 2025 को राजस्थान प्रांत की **श्रीगंगानगर शाखा** में पहुँचने पर रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का भव्य स्वागत किया गया। ढोलक की थाप एवं कृत्रिम पटाखों के साथ दुपहिया व चौपहिया वाहनों सहित विशाल रोड शो निकाला गया। रास्ते में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने सबसे पहले महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये, मंच द्वारा गोद लिये भारत माता चौक पर भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। श्रीगंगानगर शाखा द्वारा आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री पंकज बरडिया उपस्थित हुए। इस दौरान शहर की दर्जनों से अधिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं शाखा के अधिकांश सदस्यगण



श्रीगंगानगर शाखा द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्वागत

उपस्थित हुए, सभी ने राष्ट्रीय व प्रान्तीय अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने श्रीगंगानगर शाखा के पूर्व अध्यक्ष श्री गौरव मित्तल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में मनोनीत किये जाने की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपने सुन्दर मार्गदर्शन रूपी वक्तव्य में संगठन के विभिन्न सांगठनिक बिन्दुओं पर चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

दिनांक 2 जून को सूरतगढ़ आगमन पर **सूरतगढ़ शाखा एवं सूरतगढ़ कॉटन सिटी शाखा** के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने सूरतगढ़ शाखा के तीन प्रकल्पों का लोकार्पण किया, यहां पर प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश अरोड़ा टीम के साथ मौजूद रहे। जिसमें पहला कल्याण भूमि में दान दी गयी ५ बैंच, दूसरा इसी कल्याण भूमि में ही ठंडे पानी की मशीन का एवं तीसरे प्रकल्प के रूप में स्थानीय राजकीय संस्कृत पाठशाला में ठंडे पानी की मशीन का लोकार्पण किया। वहीं नजदीकी बस स्टैण्ड परिसर में चलाए जा रहे मातृशक्ति कक्ष का भी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा अवलोकन किया गया। इसके बाद आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने विभिन्न सांगठनिक बिन्दुओं एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से बताया।

तत्पश्चात् **सूजानगढ़ शाखा एवं सुजानगढ़ गणगौर शाखा** का सांगठनिक दौरा कर आयोजित बैठक में भाग लिया। इस बैठक की सूचना पर सालासर की **सालासर बालाजी** शाखा के सदस्यों ने भी भाग लिया। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत-अभिनन्दन किया। इसके बाद स्थानीय गौशाला का अवलोकन किया।


क्षेत्र-४ की पीएसटी कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का स्वागत



राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन के साथ प्रांतीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण

राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सांगठनिक दौरे

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-२ श्री विकास खंडेलिया

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-२ श्री विकास खंडेलिया के संगठनात्मक प्रवास एवं प्रेरणास्पद आयोजन के तहत 18 मई को जोगबनी में पुनः नई शाखा गठन कर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सभी बंधुओं की उपस्थिति में नवगठित शाखा को शपथ दिलाई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रेरक पहल करते हुए शाखा परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इसके पश्चात फारबिसगंज एवं फारबिसगंज संस्कृति शाखा के दायित्व ग्रहण कार्यक्रम में भागीदारी की। उल्लेखनीय है कि फारबिसगंज महिला शाखा का गठन इसी वर्ष हुआ है, जिसे मंच की गतिविधियों एवं उद्देश्य से अवगत कराया गया। दिनांक 24 मई को मधेपुरा युवा शक्ति शाखा में शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में सहभागिता दी। तत्पश्चात सहरसा एवं सहरसा संस्कृति शाखा के पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सहरसा संस्कृति शाखा में दायित्व बोध हेतु शपथ पाठ संपन्न हुआ। सहरसा शाखा को शीघ्रातिशीघ्र शाखा चुनाव एवं राष्ट्रीय सदस्यता शुल्क प्रेषण हेतु आग्रह किया गया। अपने संगठनात्मक दौरे के क्रम में 30 मई को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी ने पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में कटिहार शाखा द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर में गरिमामयी सहभागिता दी। इस प्रेरणादायक प्रवास में प्रांतीय अध्यक्ष श्री अश्विनी खटोड़, मंडलीय उपाध्यक्ष श्री शरद कनोडिया, मंडलीय उपाध्यक्ष श्री मोहित अग्रवाल, सहायक मंत्री श्री कुशल लोधा, श्री विकास खेतान, श्री अमित सुरेखा, पर्यावरण संयोजिका श्रीमती सोनम खटोड़, श्री निशांत गोयल, श्री आदर्श गोयल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जोगबनी शाखा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री विकास खंडेलिया

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-३ श्री विकास अग्रवाल

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-३ श्री विकास अग्रवाल ने 31 मई, 2025 को दक्षिण दिल्ली शाखा एवं दक्षिण दिल्ली सम्मेलन शाखा के संयुक्त सौजन्य से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। इस समारोह में मंच की दक्षिण दिल्ली शाखा की नई कार्यकारिणी समिति एवं सम्मेलन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पवन गोयनका जी को बधाई दी गयी। कार्यक्रम में दक्षिण दिल्ली शाखा के संस्थापक अध्यक्ष श्री रामअवतार किला, पूर्व अध्यक्ष श्री विनोद किला, युवा भवन के निवर्तमान वाइस चेयरमैन श्री मुनीष गुप्ता, दिल्ली प्रांत के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री विमल खंडेलवाल सहित समाज व शाखा के वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-४ श्री अमर सुल्तानिया

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-४ श्री अमर सुल्तानिया ने दिनांक 22 मई को छत्तीसगढ़ प्रांत की जांजगीर नैला शाखा द्वारा आयोजित कार्यकारिणी बैठक में शामिल होकर विभिन्न सांगठनिक बिंदुओं पर चर्चा की।

दिनांक 29-30 मई, 2025 को ओडिशा प्रांतीय कार्यकारिणी की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। बैठक के संचालन में कार्यसूची अनुसार अपने सुझाव व्यक्त किये। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी का बहुत ही शानदार सहयोग मिला। दूसरे दिन श्री अमित अग्रवाल जी द्वारा ली गयी पीएसटी कार्यशाला में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बैठक में ओडिशा प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अजय शर्मा, छत्तीसगढ़ प्रान्तीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गांधी एवं राष्ट्रीय, प्रान्तीय एवं शाखा पदाधिकारीगणों सहित समाज व शाखा के वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए।



ओड़िशा प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-४

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री पंकज बरडिया

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री पंकज बरडिया को दिनांक 1 जून, 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन के साथ राजस्थान प्रांत की शाखाओं का सांगठनिक दौरा करने का अवसर प्राप्त हुआ। 1 जून को श्रीगंगानगर पहुँचने पर रेलवे स्टेशन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पंकज बरडिया का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत में ढोलक की थाप एवं कृत्रिम पटाखों के साथ दुपहिया व चौपहिया वाहनों सहित शाखा पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मिलकर विशाल रोड शो निकाला गया।


महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पंकज बरडिया


श्रीगंगानगर स्थित दुलपुरा गौशाला में पौधारोपण करते राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पंकज बरडिया

रास्ते में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के साथ सबसे पहले महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और मंच के द्वारा गोद लिये भारत माता चौक के अन्दर भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इसी कड़ी में अस्थायी एवं स्थायी 300 लीटर वाटर कूलर मशीन का लोकार्पण, शकुंतला वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सेवा में शाखा सहयोग से प्रदान दो बड़े जंबो कूलर फैन, दो व्हीलचेयर, पानी की बोतलें, बैशाखी व जरूरी सामान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी के हाथों दिलवाया गया।

इसके बाद दुलपुरा स्थित गुरू जंभेश्वर गौशाला में विशाल शैड निर्माण व 3 हजार लीटर पानी का टैंकर गौशाला को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी द्वारा समर्पित करवाया गया। तदुपरान्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी ने गौशाला में पौधारोपण व पक्षियों के लिए परिंदों का कार्य किया। सांगठनिक दौरे के क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व में प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुरेश अरोड़ा के साथ सर्वप्रथम श्रीगंगानगर शाखा के सभी पूर्व अध्यक्षों के साथ बैठक रखी गयी, जिसमें विभिन्न सांगठनिक बिंदुओं एवं मंच के आगामी कार्यक्रमों पर गहन चर्चा की गयी, इस बैठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा सम्बोधित किया गया। बैठकों के आयोजन की कड़ी में श्रीगंगानगर नारी चेतना शाखा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में उपस्थित रहे। तदुपरांत श्रीगंगानगर महिला प्रेरणा शाखा के साथ पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर सक्रिय रूप से कार्य करने हेतु कहा गया।

इसके बाद सभी कार्यक्रमों के लोकार्पण व अवलोकन के उपरान्त श्रीगंगानगर शाखा द्वारा 'युवा संकल्प' समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान श्रीगंगानगर शाखा की नई कार्यकारिणी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जी द्वारा शपथ दिलायी गयी। समारोह में शहर की दर्जनों से अधिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं शाखा के अधिकांश सदस्यगणों से मिलना हुआ। साथ ही शाखा द्वारा युवा चैतन्य सम्मान से सम्मानित टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन डॉ. मोहित टांटिया से भी मुलाकात हुई। समारोह में श्रीगंगानगर की पूर्व सभापति श्रीमती करुणा अशोक चांडक व पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री वेदप्रकाश लखोटिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यों का आत्मीय स्नेह एवं सत्कार मिला।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री मोहित नाहटा

राष्ट्रीय महामंत्री श्री मोहित नाहटा बंगाईगांव शाखा एवं बंगाईगांव जागृति शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री पंकज जालान, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री रितेश खटेर, प्रांतीय उपाध्यक्ष (मंडलीय) श्रीमती प्रेरणा सेठिया, पूर्व उपाध्यक्ष (मुख्यालय) श्री प्रदीप राठी, प्रांतीय सहायक मंत्री (मंडलीय) श्री चेतन धीरसरिया तथा प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य श्री मुकुल जैन, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं उनके आत्मीय मित्र श्री सरजीत सिंह भारी तथा पूर्व अध्यक्ष श्री निर्मल बैद का विशेष स्नेह एवं आत्मीय साथ मिला। इस दौरान स्थानीय मारवाड़ी सम्मेलन, तेरापंथ सभा बंगाईगांव, तेरापंथ सभा बंगाईगांव दक्षिण, श्री अग्रवाल सभा, महेश्वरी सभा, विप्र फाउंडेशन, दिगम्बर जैन समाज, प्रगतिशील नवयुवक संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात हुई। सभी से मिले सम्मान एवं अपार स्नेह के लिए बहुत-बहुत आभार है।

इसी क्रम में विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कोकराझार



बंगाईगाँव शाखा के शपथ ग्रहण में उपस्थित राष्ट्रीय महामंत्री श्री मोहित नाहटा

कॉमर्स कॉलेज के आईक्यूएसी के सहयोग से यूथ रेड क्रॉस कॉमर्स कॉलेज द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किए जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहाँ पर 'मानवीय कार्य में सहानुभूति और करुणा का महत्व' पर व्याख्यान दिया और मंच द्वारा आयोजित किये जा रहे रक्तदान शिविरों के बारे में जागरूकता बढ़ाई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कोकराझार कॉमर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. देबनाथ ने की और इसमें उप-प्राचार्य, संकाय सदस्य, छात्र और कार्यालय कर्मचारी उपस्थित हुए। डॉ. नीलोत्पल साहा की सार्थक पहल में योगदान देने के लिए सभी अतिथियों एवं साथियों का हार्दिक साधूवाद एवं आभार।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राहुल अग्रवाल

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राहुल अग्रवाल का अपने निजी कार्यक्रम के तहत दिनांक 18 मई 2025 को कोकराझार आगमन हुआ। स्वागत-अभिनन्दन के बाद उन्होंने पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कोकराझार व कोकराझार जागृति शाखा सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में भावी योजनाओं, सामाजिक गतिविधियों एवं युवाओं की भूमिका पर चर्चा की। सभी पदाधिकारियों ने उनके विचारों से प्रेरणा ली और संगठन को और मजबूत करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई। आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री श्री मोहित नाहटा का अच्छा सहयोग मिला। इसके बाद जोरहाट शाखा के सौजन्य से दिनांक 24-25 मई को होटल राजपूताना लॉगिन जोरहाट में आयोजित कार्यशाला आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स (एआई) में विशेष आतिथि के रूप में भाग लिया। जयपुर से आये प्रशिक्षक सीए रोहित प्रधान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में उपस्थित हुए 76 समाज के प्रबुद्धजनों, विद्वानों एवं प्रान्तीय पदाधिकारियों से मुलाकात भी हुई।



जोरहाट शाखा के कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री राहुल अग्रवाल

राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-२ श्री हर्ष सुल्तानिया

राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-२ श्री हर्ष सुल्तानिया ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की 17 मई, 2025 को रांची में प्रान्तीय अध्यक्ष श्री विशाल पाडिया की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम कार्यकारिणी बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-२ श्री हर्ष सुल्तानिया उपस्थित हुए। बैठक के संचालन में अपने विचारों से सहयोग प्रदान किया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलराम सुल्तानिया के सान्निध्य में बैठक में उपस्थित होकर क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों जिनमें श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री गोविंद मेवाड़, श्री नंद किशोर अग्रवाल एवं श्री विनय अग्रवाल से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।



झारखंड प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में
राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-२ श्री हर्ष सुल्तानिया का स्वागत

राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-३ श्रीमती नेहा अग्रवाल

राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-३ श्रीमती नेहा अग्रवाल 4 मई को उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में उपस्थिति रही और विचार-विमर्श के दौरान अपने विचार रखे। इसके बाद 15 मई को महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा मातृ दिवस पर आयोजित वेबिनर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रही और मातृदिवस पर परिवार एवं समाज में महिलाओं की भूमिका एवं महत्व पर अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया। इसी क्रम में 24 मई को उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की मंडल ए की ऑनलाइन जूम मीटिंग में उपस्थिति रही और सांगठनिक बिन्दुओं पर अपने सुझाव रखे।



उत्तर प्रदेश प्रांत की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-३ श्रीमती नेहा अग्रवाल का सम्मान

पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी

नई नियुक्तियां



श्री प्रकाश अग्रवाल
राष्ट्रीय निदेशक-सामाजिक सम्मान,
जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार



श्री साकेत छावछरिया
राष्ट्रीय संयोजक
मारवाड़ी भाषा एवं संस्कृति विकास



श्रीमति अनुराधा अग्रवाल
राष्ट्रीय संयोजक
जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार

राष्ट्रीय समिति एवं फोरम पदाधिकारीगण

राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी



श्री अमित अग्रवाल
चेयरमैन



श्री अनिल वर्मा
सदस्य



श्री बिपुल शर्मा
सदस्य



श्रीमति प्रियंका नाहटा
सदस्य



श्रीमति कामायनी अग्रवाल
सदस्य

राष्ट्रीय मंच प्रकाशन फोरम



श्री प्रमोद शाह
मार्गदर्शक



श्रीमती अनुराधा खेतान
चेयरमैन



श्री द्वारका प्रसाद मायछ
वाइस चेयरमैन



श्रीमती अंजु पुरोहित
सदस्य



श्री जयकरण चारण
सदस्य

राष्ट्रीय उद्यमिता विकास एवं बिजनेस फोरम



श्री अनिल के. जाजोदिया
चेयरमैन



श्री रवि सिंघानिया
वाइस चेयरमैन



श्री निकेश गुप्ता
सदस्य



श्री सुंदर प्रकाश अग्रवाल
सदस्य



श्री मुकेश खेतान
सदस्य

राष्ट्रीय समिति एवं फोरम पदाधिकारीगण

राष्ट्रीय हेल्थ साथी फोरम



श्री ललित कुमार जैन
चेयरमैन



श्री संजीव जैन
वाइस चेयरमैन



श्री संदीप मस्करा
वाइस चेयरमैन



श्री साकेत रिटोलिया
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-प्रभारी



श्री अभिषेक अग्रवाल
राष्ट्रीय निदेशक-प्रभारी



श्रीमती नेहा पटवारी
समन्वयक



श्री राम भट्टड़
समन्वयक

सदस्यगण



श्री इंदर जैन
समन्वयक, आं प्र तेलंगाना



श्री मुकेश हिसारिया
समन्वयक, बिहार



श्री नीरज अग्रवाल
समन्वयक, छत्तीसगढ़



श्री नवनीत सिंघी
समन्वयक, दिल्ली



श्रीमती प्रेरणा भाऊवाला
समन्वयक, गुजरात



श्री अजय चेतानी
समन्वयक, झारखंड़



श्री ब्रिजेश अग्रवाल
समन्वयक, कर्नाटक



श्री पुरुषोत्तम टिबडेवाल
समन्वयक, मध्यप्रदेश



श्री कपिल कर्णावट
समन्वयक, महाराष्ट्र



श्री किशन कुमार बालोदिया
समन्वयक, ओड़िशा



श्री स्वराज अग्रवाला
समन्वयक, पूर्वोत्तर



श्री पवन कुमार सोमानी
समन्वयक, राजस्थान



श्री राजेश सुराणा
समन्वयक, तमिलनाडू



श्री विकास जैन
समन्वयक, उत्तर प्रदेश



समन्वयक, प बं सिक्किम

पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक के मुख्यांश





पंचदशम राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन की अध्यक्षता में दिनांक 11 व 12 मई, 2025 को हैदराबाद में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। यह बैठक मारवाड़ी युवा मंच के आंध्र प्रदेश तेलंगाना प्रांत की हैदराबाद ग्रेटर शाखा के आतिथ्य में रामोजी फिल्म सिटी परिसर में आयोजित की गई। इस बैठक में देश के विभिन्न शहरों से पधारे मंच के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी उपस्थित हुए। राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यगण, स्थाई व विशेष आमंत्रित सदस्यगण आदि के साथ पूर्वोत्तर, बिहार, झारखंड, दिल्ली, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक आदि प्रांतीय इकाइयों के प्रांतीय अध्यक्षगण उपस्थित रहे। विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री प्रमोद शाह, श्री अनिल जैना, श्री बलराम सुल्तानिया, श्री जितेंद्र गुप्ता, श्री ललित गांधी, श्री रवि अग्रवाल एवं श्री अमित अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने बैठक में सभी सदस्यों को प्रोत्साहित किया।



राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा गणपूर्ति स्थापित किए जाने के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन ने सभा प्रारंभ की घोषणा की। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। आपसी परिचय एवं स्वागत के उपरांत निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई गई। हैदराबाद ग्रेटर शाखा के मंत्री श्री जितेंद्र मुणोत ने आतिथ्य शाखा की ओर से सभी का अभिनंदन किया।

बैठक के दौरान सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों, प्रांतीय अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय संयोजकों द्वारा आगामी कार्यकाल हेतु अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन द्वारा प्रस्तावित महत्वाकांक्षी योजना 'राष्ट्रीय हेल्थ कार्ड परियोजना' पर विस्तृत चर्चा के साथ **'मोबाइल ऐप'** एवं **'हेल्थ कार्ड'** के प्रारूप का विधिवत उद्घाटन, मंच के राष्ट्रीय कार्यक्रम अमृतधारा के साथ जलसंरक्षण अभियान को समाहित करते हुए आगामी दिनों में इस हेतु राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक कार्य करने पर निर्णय, संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन विस्तार पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने हेतु विस्तृत











चर्चा एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु बजट पारित करने के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर देशभर से पधारे पदाधिकारियों के साथ सार्थक चर्चाएं एवं दूरदर्शी निर्णय लिए गए, जिनका क्रियान्वयन आगामी दिनों में किया जाएगा।

साथ ही मंच की संवैधानिक समितियों का गठन भी किया गया जिनमें आर्बिट्रल ट्रिब्यूनल के चेयरमैन के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, राष्ट्रीय अनुशासन समिति के चेयरमैन के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल जैना, संविधान संशोधन एवं व्याख्या समिति के चेयरमैन के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलराम सुल्तानिया एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी के चेयरमैन के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल के नाम को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।





युवा मंच का बहु आयामी प्रकल्प युवा भवन परियोजना की प्रगति रिपोर्ट सभा में प्रस्तुत की गई तथा यह निर्णय लिया गया कि इस सत्र में इसे समाज को समर्पित करने की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए।

इस बैठक में हैदराबाद से पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री ललित जैन, प्रान्तीय अध्यक्ष श्री मनीष नाहर, राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री रोहित अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय संयोजक श्री दिनेश जैन, प्रांत के वरिष्ठ पदाधिकारियों, हैदराबाद ग्रेटर शाखाध्यक्ष श्री महेन्द्र भण्डारी, शाखा मंत्री श्री जितेन्द्र मुणोत एवं शाखा की टीम का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों द्वारा मार्गदर्शन, राष्ट्रीय महामंत्री व आतिथ्य शाखा मंत्री द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन ने सभा की औपचारिक समाप्ति की घोषणा की।





शाखा पदाधिकारियों की सांगठनिक कार्यशाला

राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी के चेयरमैन एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल जी के नेतृत्व में प्रथम बार क्षेत्र-४ के अंतर्गत ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश तीनों प्रांत की शाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष (पीएसटी) की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन रखा गया। दिनांक 30 मई, 2025 को आयोजित इस कार्यशाला में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित हुए।

अत्यंत सहज एवं प्रभावशाली ढंग से आयोजित इस कार्यशाला में युवाओं को संगठन की कार्यपद्धति को गहराई से समझने में मदद मिली। श्री अमित अग्रवाल जी की अनुभव-संपन्न शैली ने युवाओं के मन में सेवा, नेतृत्व और समर्पण की भावना को और मजबूत किया। कार्यशाला में उनके पद की जिम्मेदारियों, कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में बारीकी से समझाया। यह कार्यशाला अत्यंत मार्गदर्शक और प्रेरणादायक रही।

इस कार्यशाला में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-४ श्री अमर सुल्तानिया, ओडिशा प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अजय शर्मा, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गांधी, जनसेवा व स्थायी प्रकल्प के निदेशक श्री मनीष अगवाल, पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष श्री नरेश अग्रवाल सहित तीनों प्रांतों के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों की उत्साहवर्द्धक उपस्थिति रही।





प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठकें

दिनांक	आतिथ्य शाखा	प्रांतीय कार्यकारिणी समिति	बैठक
बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच			
04 मई, 2025	पाटलीपुत्र	चतुदर्शम प्रान्तीय कार्यकारिणी	प्रथम बैठक
उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच			
04 मई, 2025	गोरखपुर	त्रयोदस प्रान्तीय कार्यकारिणी	प्रथम बैठक
झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच			
18 मई, 2025	रांची	दशम प्रान्तीय कार्यकारिणी	प्रथम बैठक
ओडिशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच			
29 मई, 2025	भटली	चतुदर्शम प्रान्तीय कार्यकारिणी	प्रथम बैठक
आन्ध्र प्रदेश तेलंगाना प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच			
29 मई, 2025	जूम एप पर	चतुदर्शम प्रान्तीय कार्यकारिणी	प्रथम बैठक

प्रांतीय संवाद

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सुमित जिंदल के नेतृत्व में 29 मई, 2025 को मंच की 7 शाखाओं के प्रतिनिधिमंडल एवं समाज के वरिष्ठजनों के साथ मालदा जिले के जिलाधिकारी श्री नितिन सिंघानिया से भेंट कर उनको ज्ञापन दिया। ज्ञापन पत्र में स्थानीय गंगा घाट के नजदीक मानिकचक में सुव्यवस्थित श्मशान एवं स्नान घाट के लिए 11 हजार वर्गफुट स्थान की मांग की गयी। प्रांतीय अध्यक्ष ने डीएम साहब को जानकारी दी कि इससे मारवाड़ी युवा मंच की 6 शाखाओं जिसमें मालदा, मालदा अनंता, समसी अर्णव, चांचल अर्णव, बरद्वारी, बरद्वारी अनंता एवं हरिश्चंद्रपुर, रतुआ एवं भालुका रोड के करीब पांच हजार से अधिक लोगों को लाभ होगा, जो अब तक इस समस्या से जूझते आ रहे हैं।

जिलाधिकारी जी ने एसडीओ को तत्काल संयुक्त निरीक्षण हेतु आदेश देकर समस्या का निदान करने को कहा। तत्काल प्रभाव से दूसरे दिन 30 मई को प्रशासन के एसडी, बीडीओ, बीएलएलआरओ मनिकचक आईसी, सरकारी अभियंता ने उपयुक्त स्थान का निरीक्षण कर डीएम साहब को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। जिसमें प्रतिनिधिमंडल के द्वारा चयनित उपयुक्त 11 हजार वर्गफुट के स्थान को श्मशान एवं स्नान घाट के लिए प्रशासन की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। कार्य अब प्रगति पर है – जल्द ही टेंडर और निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ होगी। डीएम श्री सिंघानिया जी का स्पष्ट संदेश है कि समाज की सूचना मात्र से उनकी समस्याओं के निदान हेतु प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। इसके लिए जिलाधिकारी श्री नितिन सिंघानिया जी का मालदा जिले की समस्त शाखाओं एवं समाज के लोगों ने साधूवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।



मालदा जिले में श्मशान एवं स्नानघाट हेतु भूमि का निरक्षक करते प्रशासनिक अधिकारी एवं मंच के पदाधिकारीगण

बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच

बिहार प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष ने 04 मई, 2025 को पाटलीपुत्र शाखा द्वारा पटना में स्थायी अमृतधारा के अन्तर्गत ठंडे पानी की मशीन का उद्घाटन किया। इसी दिन पटना उमंग शाखा एवं पटना शाखा की बैठक में आगामी योजनाओं पर विचार विमर्श के साथ-साथ कार्यकारिणी को शपथ दिलाई।

दिनांक 4 मई को ही बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में पाटलीपुत्र शाखा के आतिथ्य में आयोजित चतुर्दशम प्रान्तीय कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्षगण एवं राष्ट्रीय संयोजक सहित अनेक प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विविध सेवा प्रकल्प जैसे : खेलकूद, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण, कन्या भ्रूण संरक्षण, नारी चेतना, भाषा प्रचार, मंच विस्तार, जनसेवा, आनंद



पाटलीपुत्र शाखा की स्थायी अमृतधारा का उद्घाटन करते प्रांतीय अध्यक्ष अश्विनी खटोड़

सबके लिए आदि विषयों पर गहन चर्चा की गई एवं आगामी कार्ययोजना पर विमर्श विमर्श हुआ। सभी पदाधिकारियों ने बहुमूल्य सुझाव दिए जिससे प्रांत में सेवा कार्य और अधिक प्रभावी एवं समन्वित रूप में संचालित किए जा सकें।

झारखंड प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की दिनांक 17 मई, 2025 को प्रान्तीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक रांची शाखा के आतिथ्य में प्रांतीय अध्यक्ष श्री विशाल पाडिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन की मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलराम सुल्तानिया की उत्साहवर्द्धित उपस्थिति रही। सम्मान की कड़ी में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का रांची एयरपोर्ट पर प्रान्तीय अध्यक्ष श्री विशाल पाडिया के नेतृत्व में उपाध्यक्ष मंडल-1 के श्री आशीष अग्रवाल, महामंत्री श्री दीपक गोयनका, कोषाध्यक्ष श्री विकास झाझरिया तथा रांची की सभी शाखाओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



झारखंड प्रांत प्रथम कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ करते राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीगण

राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की रांची स्थित रांची शाखा, रांची समर्पण, दक्षिण रांची, दक्षिण रांची जागृति शाखाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दक्षिण की दोनों शाखाओं में उम्र सीमा के कारण अध्यक्ष का चयन न हो पाने पर उन्होंने सुझाव दिया कि अनुभवी सदस्यों को अध्यक्ष बनाकर शाखाओं को पुनः सक्रिय किया जाए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि निरंतर प्रयास करते हुए सभी सदस्य एकजुट होकर मंच के लक्ष्यों की प्राप्ति करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने आगामी राष्ट्र प्रकल्पों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की, जिनमें हेल्थ कार्ड योजना, मंच को जानो अभियान, रक्तदान शिविर, रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम एवं सभी सदस्यों का पूर्ण और सटीक डाटाबेस तैयार करना, जिससे सदस्यों को बेहतर लाभ मिल सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने सभी सदस्यों से पूर्ण सहयोग की अपील की ताकि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय बन सके। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलराम सुल्तानिया ने भी अपने अनुभवयुक्त सुझावों से बैठक के संचालन में सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

उत्तर प्रदेश प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच

उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की त्रयोदशम प्रान्तीय कार्यकारिणी समिति की प्रथम बैठक गोरखपुर शाखा के आतिथ्य में दिनांक 4 मई, 2025 को प्रान्तीय अध्यक्ष श्री नवीन पालड़ीवाल की अध्यक्षता में गोरखपुर में आयोजित की गयी। सभी प्रान्तीय पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। बैठक के दौरान संगठन को सशक्त बनाने हेतु विविध बिंदुओं पर सार्थक व विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिये गयेः -प्रत्येक मंडल की ५ छोटी शाखाओं द्वारा निःशुल्क स्टेशनरी वितरण, जिसकी समस्त सामग्री प्रान्त द्वारा उपलब्ध कराना। सी.ए. स्कॉलरशिप योजना का क्रियान्वयन। दिशा २.० नामक प्रान्तीय कार्यशाला का आयोजन करना। प्रान्त स्तरीय प्रीमियर लीग - एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन करना। प्रोजेक्ट मिलाप - सामाजिक समरसता हेतु विशेष प्रकल्प। मंच दर्पण का बिज़नेस बुलेटिन का विमोचन कर प्रकाशन करना।

प्रान्त की २० निष्क्रिय शाखाओं की मान्यता समाप्त करने के प्रस्ताव को कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। अंत में सभी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। इस बैठक में राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-३ श्रीमती नेहा अग्रवाल एवं पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। 6 मई को जोन -३ की ऑनलाइन मीटिंग में सहभागिता की गई। 7 मई को प्रांतीय स्तर पर निःशुल्क स्टेशनरी का वितरण कार्यक्रम को चालू किया गया। 8 मई को नागरिक सुरक्षा मोकड्रिल के लिए जागरूक किया गया। 10 मई को प्रांतीय कार्यक्रम सी.ए. स्कॉलरशिप योजना का प्रारंभ किया गया। 15 मई को प्रान्त द्वारा एक नया सम्मान मंथ सितारा अवार्ड देना प्रारंभ किया गया। 16 मई को प्रांतीय उपाध्यक्ष मंडल-१ श्रीमती प्रीती बाजोरिया को अप्रैल माह का सितारा घोषित किया गया। 18 मई को वारणसी गंगा शाखा को अप्रैल माह की सितारा शाखा घोषित किया गया। 20 मई को गोरखपुर शाखा द्वारा आयोजित दायित्व हस्तांतरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की एवं नए अध्यक्ष को शपथ ग्रहण कराया। 28 मई को सांगठनिक दौरे के अंतर्गत बरेली एवं बरेली शक्ति शाखा का दौरा कर अनेक विषयों पर चर्चा की एवं आगे सुन्दर कार्यों के लिए प्रेरित किया। इसी दिन मंडल-४ के पलिया, भीराखीरी एवं लखीमपुर खीरी में शाखा गठन हेतु दौरा किया, इस दौरे में प्रांतीय उपाध्यक्ष मंडल-४ श्री गौरव जैन, सहायक मंत्री श्री अभिषेक भारद्वाज का साथ मिला। 29 मई को मंडल-३ की मारवाड़ी युवा मंच लखनऊ श्रद्धा एवं लखनऊ अवध शाखा का दौरा कर सांगठनिक विषयों पर चर्चा की तथा उनको प्रांतीय कार्यक्रम में सहभागिता करने का आग्रह किया। इसी दिन लखनऊ शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर नवनिर्वाचित शाखा अध्यक्ष एवं उनकी कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण करायी।



प्रांतीय कार्यकारिणी सभा में गोरखपुर शाखा द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष जी का स्वागत

राजस्थान प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच

राजस्थान प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री सुरेश अरोड़ा एवं उनकी टीम के श्रीगंगानगर में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के स्वागत-अभिनन्दन रोड शो में पहुँचकर महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने एवं मंच के द्वारा गोद लिये भारत माता चौक के अन्दर भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के कार्यक्रम में शामिल हुए।

श्रीगंगानगर पहुँचने पर 'युवा संकल्प' के तहत शाखा की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलायी। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री पंकज बरडिया का सुन्दर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान शहर की दर्जनों से अधिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं शाखा के अधिकांश सदस्यगण उपस्थित हुए, सभी ने राष्ट्रीय व प्रान्तीय अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

दिनांक 2 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन के साथ, प्रान्तीय अध्यक्ष श्री सुरेश अरोड़ा को सूरतगढ़ एवं सूरतगढ़ कॉटनसिटी शाखा का दौरा करने का अवसर प्राप्त हुआ। सूरतगढ़ शाखा में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन एवं प्रान्तीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाखा ने तीन प्रकल्पों का लोकार्पण राष्ट्रीय अध्यक्ष जी एवं प्रांतीय अध्यक्ष से संयुक्त रूप से कराया। इसी दिन सूजानगढ़ एवं सुजानगढ़ गणगौर शाखा का सांगठनिक दौरा कर आयोजित बैठक में भाग लिया। इसमें सालासर बालाजी शाखा के सदस्यों ने भी भाग लिया।



सूजानगढ़ शाखा द्वारा राष्ट्रीय व प्रांतीय अध्यक्ष जी का स्वागत व सम्मान

ओडिशा प्रातीय मारवाड़ी युवा मंच

ओडिशा प्रान्तीय मारवाड़ी युवा मंच की १४वीं कार्यकारिणी समिति की दिनांक 29-30 मई, 2025 को प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अजय शर्मा की अध्यक्षता में भटली शाखा के आतिथ्य में प्रथम बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न सांगठनिक बिन्दुओं के साथ प्रांत में संगठन विस्तार एवं राष्ट्रीय-प्रान्तीय कार्यक्रमों के बेहतर एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु महत्वपूर्ण चर्चा की गयी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की विनम्रता, दूरदर्शिता और मार्गदर्शक भूमिका ने बैठक में प्रत्येक सदस्य को प्रभावित किया। और युवाओं को आत्मविश्लेषण करने और समाज व संगठन के प्रति अपने कर्तव्यों को और अधिक गंभीरता से निभाने के लिए प्रेरित किया। बैठक में टीम के अधिकांश पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। सभी की विशाल उपस्थिति से बैठक सफलता के साथ सम्पन्न हुई, महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सार्थक चर्चा की गयी। विशिष्ट अतिथि के रूप में भटली शहर के ऊर्जावान विधायक आदरणीय इराशिश आचार्य की गरिमामय उपस्थिति रही।

बैठक उपरान्त क्षेत्र-४ के तीनों प्रांतों-ओडिशा, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के शाखा अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों की प्रथम बार कार्यशाला रखी गयी। यह कार्यशाला राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी के चेयरमैन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल के नेतृत्व एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन की अध्यक्षता में रखी गयी। श्री अमित जी ने युवाओं को अत्यंत सहज और प्रभावशाली ढंग से समझाया, उनकी अनुभवयुक्त शैली ने सभी के मन में सेवा, नेतृत्व और समर्पण की भावना को और मजबूत किया। सभी पदाधिकारीगण संगठन की कार्यपद्धति, अपने दायित्वों एवं अधिकारों को बारीकी से समझ सके।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्षेत्र-४ श्री अमर सुलतानिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री क्षेत्र-४ श्री रोहित काबरा, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गांधी, राष्ट्रीय निदेशक श्री मनीष अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश चंद्र अग्रवाल, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री ओम प्रकाश तुलस्यान, श्री नरेश अग्रवाल, उत्कल प्रान्तीय सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल सहित ओडिशा, छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों एवं युवा साथियों की सराहनीय उपस्थित रही।



क्षेत्र-४ की कार्यशाला में उपस्थित राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीगण

छत्तीसगढ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री प्रशांत गांधी एवं उनकी टीम द्वारा दिनांक 29 मई 2025 को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम. जैन का प्रांत की शाखा पिथौरा में शानदार स्वागत-अभिनन्दन किया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी रायपुर से भटली धाम जाते समय छत्तीसगढ़ प्रांतीय कार्यकारिणी में राजनीतिक चेतना के प्रांतीय संयोजक श्री अमित चौधरी के साथ पिथौरा आगमन हुआ।

प्रान्तीय अध्यक्ष जी के पिथौरा शाखा के दौरे में श्री सुरेश एम जैन का अच्छा मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त हुआ। सभी ने पिथौरा में श्रीगोविंद कमला गौधाम पहुँचकर गौ सेवा कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान गौसेवा, जीव दया एवं पशुसंरक्षण के प्रांतीय संयोजक श्री मनीष अग्रवाल (गौधाम) ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को चांदी की गौमाता का स्मृतिचिन्ह भेंटकर इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाया। इस सांगठनिक दौरे में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री संदीप अग्रवाल सहित पिथौरा

एवं झलप शाखा से अनेक सदस्य उपस्थित हुए। इसके बाद दिनांक 29-30 मई, 2025 को ओडिशा प्रांत की भटली में आयोजित प्रान्तीय बैठक एवं कार्यशाला में सक्रियता से भाग लिया, इस प्रान्तीय बैठक व कार्यशाला में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित अग्रवाल, क्षेत्र-४ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमित सुल्तानिया सहित छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा प्रांत के वर्तमान एवं पूर्व राष्ट्रीय, प्रान्तीय पदाधिकारियों से मुलाकात हुई और विभिन्न सांगठनिक बिन्दुओं पर चर्चा हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के सम्बोधन से आगामी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बारे में जानना हुआ। सभी का आत्मीय स्नेह एवं सत्कार प्राप्त कर मन



क्षेत्र-४ की पीएसटी कार्यशाला में उपस्थित राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारीगण

प्रफुल्लित एवं गदगद हुआ।

महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच

महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी युवा मंच की प्रान्तीय अध्यक्षा श्रीमती अमृता भूतड़ा ने दिनांक 14 मई 2025 को प्रांत की अमरावती अम्बिका शाखा का दौरा किया। शाखा में सभी का आत्मीय स्वागत



अमरावती अम्बिका शाखा द्वारा महाराष्ट्र प्रांतीय अध्यक्षा का स्वागत

एवं सम्मान मिला। अमरावती अम्बिका शाखा द्वारा आयोजित बैठक में पूर्व पदाधिकारियों से भेंट कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। प्रान्तीय अध्यक्षा के मार्गदर्शन और प्रेरणा से प्रभावित होकर शाखा ने पुनः सक्रिय होने का निर्णय लिया और शुल्क जमा कर शाखा को पुनः प्रारंभ किया। इसके लिए प्रांतीय अध्यक्षा ने समय पर शुल्क जमा करने और मंच की गरिमा बनाए रखने के लिए शाखा के पदाधिकारियों का धन्यवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बैठक में जयपुर निवासी श्रीमती मोनिका बाईसा, जिन्होंने घूमर लोकनृत्य को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं? इसकी कार्यशाला महाराष्ट्र के हर जिले में आयोजित करने हेतु आश्वस्त किया।

गुजरात प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच

गुजरात प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल द्वारा 31 मई 2025 को प्रांत की अहमदाबाद सिटी, अहमदाबाद वैस्ट, अहमदाबाद जागृति एवं अहमदाबाद वैस्ट जागृति शाखाओं का दौरा कर आयोजित संयुक्त बैठक में विभिन्न सांगठनिक बिन्दुओं के साथ प्रांत में शाखा विस्तार पर चर्चा हुई। इस दौरान उनके साथ प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री राहुल बजाज, मंडल-२ के प्रान्तीय उपाध्यक्ष श्री अमित नारनोली एवं प्रान्तीय सहायक मंत्री श्री राजेन्द्र जांगिड़ साथ रहे।



अहमदाबाद सिटी शाखा द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल का सम्मान

आंध्र प्रदेश तेलंगाना प्रातीय मारवाड़ी युवा मंच

आन्ध्र प्रदेश तेलंगाना प्रान्तीय इकाई की दिनांक 29 मई, 2025 को जूम एप के माध्यम से प्रान्तीय अध्यक्ष श्री मनीष नाहर की अध्यक्षता में प्रथम प्रान्तीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में प्रांत के लगभग सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निम्न विषयों पर चर्चा एवं निर्णय लिए गए :-

सभी मंडलीय उपाध्यक्ष ने अपने मंडल में किए जाने वाले कार्यों की रूप रेखा प्रस्तुत की। सभी ने अपने मंडल में प्रथम चरण में 5-5 नई शाखाओं का गठन करने का लक्ष्य रखा। जो निम्नलिखित हैं :-

मंडल-१ में किराबाद, महबूबनगर, जड़चेरला, जहीराबाद एवं परगी में शाखा खोलने का आश्वासन दिया गया। मंडल-२ में आदिलाबाद, भैंसा, निर्मल, काम्मारेडी एवं नाचाराम में शाखा खोलने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद मंडल-३ के मंडलीय उपाध्यक्ष ने वारंगल गोदावरीखनी, करीमनगर, जनगांव एवं पेदापल्ली में शाखा खोलने को कहा। इसके बाद मंडल-४ के मंडलीय उपाध्यक्ष ने विजयवाड़ा, गुंटूर, नेल्लौर, कड़प्पा एवं तिरुपति में जल्दी ही मंच की शाखा गठन का बैठक में आश्वासन दिया।

प्रांत में शाखा विस्तार हेतु सभी राष्ट्रीय, प्रान्तीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आग्रह है कि आन्ध्र प्रदेश तेलंगाना प्रांत की उपरोक्त जगहों

पर शाखा खोलने का विचार किया जा रहा है, किसी भी साथी का इन शहरों पर कोई सम्पर्क सूत्र व मोबाइल नम्बर हो तो कृपया प्रान्तीय अध्यक्ष एवं मंडलीय उपाध्यक्ष को सूचित करें।

इसके साथ राष्ट्र द्वारा घोषित 8 जून से 30 जून तक रक्तदान महोत्सव के अंतर्गत सभी शाखाओं में रक्तदान शिविरों का आयोजन करवाने की रूप रेखा बनाई गई।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया।



राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रांतीय अध्यक्ष श्री मनीष नाहर

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री राज चौधरी ने 3 मई, 2025 को नगांव शिखर शाखा के शपथ विधि समारोह में शामिल होकर नई टीम को शपथ दिलायी, साथ ही शाखा द्वारा गौशाला के नवीनीकरण कार्यक्रम में शामिल होकर गौशाला का अवलोकन किया। 4 मई को गुवाहाटी प्रोफेशनल शाखा समारोह में उपस्थित होकर नई टीम को शपथ दिलाकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इसी दिन गुवाहाटी अमृत शाखा के शपथविधि समारोह में पहुँचकर सभा को सम्बोधित किया।

तत्पश्चात् राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 11-12 मई को हैदराबाद में आयोजित प्रथम बैठक में प्रांतीय रिपोर्ट प्रस्तुत की और बैठक में अपने विचार रखे। प्रांत के मंडल-१ की शाखाओं की तिनसुकिया में आयोजित मंडलीय सभा में सांगठनिक बिन्दुओं पर चर्चा की, इस दौरान प्रान्तीय उपाध्यक्ष मुख्यालय श्री प्रशांत गोयनका एवं प्रान्तीय महामंत्री श्री प्रभात निमोदिया भी साथ रहे। 20 मई को तिनसुकिया उदय शाखा के आतिथ्य में आयोजित मंडलीय सभा एवं कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विभिन्न सांगठनिक विषयों पर सदस्यों का मार्गदर्शन किया।

24 मई को गुवाहाटी स्थित प्रान्तीय मुख्यालय पहुँचकर प्रान्तीय उपाध्यक्ष मंडल-४ श्री प्रेम पारीक, प्रांतीय संयुक्त मंत्री श्री सूरज जैन, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष श्री मितेश सुराणा, प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्या श्रीमती लता झंवर एवं श्री प्रियंक जालान के साथ कार्यालय के संचालन एवं सांगठनिक विषयों पर चर्चा की। इसी क्रम में 31 मई को जोरहाट, जोरहाट ग्रेटर एवं जोरहाट प्रगति शाखा द्वारा आयोजित संयुक्त बैठक में शामिल होकर राष्ट्रीय-प्रान्तीय कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस अवसर पर मंडलीय उपाध्यक्ष-४ एवं प्रान्तीय महामंत्री भी साथ रहे।



प्रांतीय कार्यालय में बैठक में चर्चा करते प्रांतीय अध्यक्ष श्री राज चौधरी

मंच परिवार में नवगठित शाखाओं का अभिनन्दन



मधेपुरा युवा शक्ति शाखा
03–05–2025
(बिहार प्रांत)



सूरत मुस्कान शाखा
05–05–2025
(गुजरात प्रांत)



फारबिसगंज संस्कृति शाखा
06–05–2025
(बिहार प्रांत)



सिमडेगा उड़ान शाखा
07–05–2025
(झारखंड प्रांत)



शिवमोग्गा शाखा
17–05–2025
(कर्नाटक प्रांत)

मंच परिवार में इन सभी शाखाओं के नये पदाधिकारियों एवं सदस्यों का नव ऊर्जा व उत्साह के साथ स्वागत-अभिनन्दन। **एक मंच - एक लक्ष्य, सशक्त युवा - सशक्त राष्ट्र** की टैगलाइन के साथ - मिलकर रचेंगे नव इतिहास। नई शाखाओं के आगमन से मंच परिवार सशक्त, विस्तृत एवं ऊर्जावान हुआ है। शाखाओं के नवगठन में सहयोगी सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार एवं ढेर सारी बधाइयाँ।

राष्ट्रीय कार्यक्रम

कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण

शाखाओं द्वारा अप्रैल व मई माह 2025 मे आयोजित किये गये कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण एवं कैलिपर्स शिविरों में कुल लाभान्वित - **1147**

क्र.सं.	दिनांक	प्रांत	शाखा	कृत्रिम अंग व कैलिपर्स	अन्य सामग्री	कुल लाभार्थी
01	13–16 अप्रैल	ओडिशा	खरियार रोड जागृति	70	25	95
02	20–22 अप्रैल	ओडिशा	पाइकमाल	25	35	60
03	20–22 अप्रैल	ओडिशा	झारसुगुड़ा सिटी	29	0	29
04	24–25 अप्रैल	ओडिशा	बरपाली	39	0	39
05	25–27 अप्रैल	ओडिशा	सोहेला	51	37	88
06	27–28 अप्रैल	ओडिशा	कांटाबांजी विकास	55	0	55
07	28–29 अप्रैल	ओडिशा	टिटलागढ़ सेन्ट्रल	27	25	52
08	01–02 मई	ओडिशा	टिटलागढ़	28	0	28
09	03–05 मई	ओडिशा	बंगोमुंडा	44	14	58
10	04–05 मई	ओडिशा	जूनागढ़	35	0	35
11	07–09 मई	ओडिशा	केसिंगा	45	13	58
12	11–13 मई	ओडिशा	सिनापाली	18	33	51
13	14 मई	ओडिशा	खेतराजपुर, संबलपुर नवचेतना संबलपुर व संबलपुर उदय स्टार	90	0	90
14	15–18 मई	ओडिशा	बृजराजनगर	77	41	118
15	18 मई	महाराष्ट्र	भायंदर	57	57	114
16	20–23 मई	ओडिशा	देवगढ़	42	42	84
17	25–27 मई	ओडिशा	तुसरा	40	50	90
18	28–29 मई	छत्तीसगढ़	रायपुर सेंट्रल	0	3	3
			कुल लाभार्थी	**772**	**375**	**1147**


खरियार रोड जागृति शाखा द्वारा आयोजित शिविर


पाइकमाल शाखा द्वारा आयोजित शिविर


देवगढ़ शाखा द्वारा आयोजित शिविर


रायपुर सेंट्रल शाखा द्वारा ट्राईसिकल प्रदान


झारसुगुड़ा सिटी शाखा द्वारा आयोजित शिविर


भायंदर शाखा द्वारा आयोजित शिविर

रक्तदान

अप्रैल व मई 2025 माह में 157 शाखाओं द्वारा रक्तदान – 3275 यूनिट्स

प्रांत व शाखा	दिनांक	यूनिट
पूर्वोत्तर प्रांत		
तिनसुकिया	14 मई	12
सिलचर, सिलचर टाइटन्स, सिलचर समृद्धि, सिलचर उदय व लाखीपुर शिखर	18 मई	127
तेजपुर व तेजपुर जागृति	18 मई	47
जोरहाट, जोरहाट ग्रेटर व जोरहाट प्रगति	18 मई	25
नोर्थ लखीमपुर व नोर्थ लखीमपुर प्रगति	21 मई	30
तिनसुकिया, तिनसुकिया प्रगति व तिनसुकिया उदय	24 मई	25
नगांव शिखर, नगांव समृद्धि एवं नगांव	25 मई	46
डिबरूगढ़ ग्रेटर	31 मई	33
पश्चिम बंगाल सिक्कम प्रांत		
आसनसोल अनंता व आसनसोल सिटी	24 अप्रैल	45
बिन्नागुड़ी	12 मई	78
बिहार प्रांत		
पाटलीपुत्र	18 मई	10
कटिहार जागृति	30 मई	15
मधेपुरा	31 मई	40
झारखंड प्रांत		
लाचरागढ़	14 अप्रैल	52
रांची समर्पण	20 अप्रैल	16
रांची	22 अप्रैल	29
गोविन्दपुर, गोविन्दपुर उन्नति व सरायढेला	8 मई	36
स्टील सिटी	13 मई	42
सरायकेला	23 मई	20
सरायकेला	24 मई	10
खूँटीनगर	25 मई	39
सरायकेला	25 मई	15
उत्तर प्रदेश प्रांत		
गोंडा व गोंडा देवीपाटन	13 अप्रैल	36
वाराणसी गंगा	20 अप्रैल	31
बरेली आदिशक्ति	27 अप्रैल	83
मऊ व मऊ चेतना	23 मई	15

प्रांत व शाखा	दिनांक	यूनिट
दिल्ली प्रांत		
फरीदाबाद	8 मई	125
पूर्वी दिल्ली	11 मई	21
राजस्थान प्रांत		
जयपुर कैटिपल	5 मई	16
छत्तीसगढ़ प्रांत		
कोरबा महिला	13 अप्रैल	20
ओडिशा प्रांत		
करंजिया व करंजिया शक्ति	1 अप्रैल	45
भद्रक	1 अप्रैल	22
सम्बलपुर नवचेतना	5 अप्रैल	27
पाइकमाल	14 अप्रैल	21
सम्बलपुर नवचेतना	15 अप्रैल	25
राजगाँगपुर व राजगांगपुर जागृति	27 अप्रैल	35
खेतराजपुर, संबलपुर नवचेतना व उदय स्टार्स	7 मई	40
कांटाबांजी व कांटाबांजी प्रगति	13 मई	19
सम्बलपुर व सम्बलपुर शक्ति	18 मई	75
गौशाला	22 मई	26
पाइकमाल	22 मई	16
सम्बलपुर व सम्बलपुर शक्ति	23 मई	80
सम्बलपुर व सम्बलपुर शक्ति	24 मई	62
सम्बलपुर व सम्बलपुर शक्ति	25 मई	128
खेतराजपुर	27 मई	25
महाराष्ट्र प्रांत		
अकोला, अकोला मिडटाउन व अकोला उदय	1 मई	56
गुजरात प्रांत		
सूरत व सूरत मुस्कान	18 मई	33
कर्नाटक प्रांत		
बैगलोर स्टार्स	17 मई	45
बैंगलोर सेन्ट्रल	18 मई	26



आसनसोल अनंता शाखा एवं आसनसोल सिटी शाखा



संबलपुर शाखा एवं संबलपुर शक्ति शाखा

प्रांत व शाखा	यूनिट
पूर्वोत्तर प्रांत	**लाइव**
गुवाहाटी	70
गुवाहाटी उदय	22
तिनसुकिया	19
नगांव	15
डिबरूगढ़ ग्रेटर	5
डिबरूगढ़	4
चबुआ ग्रेटर	2
ढेंकियाजुली शिखर	1
नलबाड़ी	1
पश्चिम बंगाल सिक्कम प्रांत	
कालिम्पोंग	24
रिसड़ा	16
इस्लामपुर	1
दालकोता अनंता	1
बिहार प्रांत	
मुजफ्फरपुर	30
नाथनगर	18
दरभंगा	13
कटिहार	11
हसनपुर रोड	7
भागलपुर उदय	6
झाझा	6
बेतिया	5
पटना	5
भागलपुर	5
मुंगेर	5
पटना उमंग	4
मधुबनी	4
खगड़िया	4
बिथान	3
किशनगंज	2
बेगुसराय	1
मधुपेरा युवा शक्ति	1

प्रांत व शाखा	यूनिट
झारखंड प्रांत	**लाइव**
हजारीबाग	29
चाईबासा	26
गुमला	23
गुमला	16
धनबाद	12
रांची	12
रामगढ़ कैंट	7
धनबाद कोलसिटी	7
डाल्टेनगंज	5
रांची समर्पण	5
स्टील सिटी सुरभि	5
जमशेदपुर	4
चास बोकारो	4
झरिया	3
धनबाद शक्ति	3
सिमडेगा ग्रेटर व उडान	2
रामगढ कैन्ट	2
भागा	2
गोविन्दपुर	2
धनबाद उदय	2
स्टील सिटी	2
रांची समर्पण	2
देवघर	1
दुमका	1
खूँटीनगर	1
गिरिडीह प्रेरणा	1
धनबाद कोयलांचल	1
उत्तर प्रदेश प्रांत	
निचलौल साँवरिया	2
महाराष्ट्र प्रांत	
भायंदर	6
आन्ध्र प्रदेश तेलगांना प्रांत	
ताण्डूर	1

प्रांत व शाखा	यूनिट
ओडिशा प्रांत	**लाइव**
संबलपुर	102
कटक विकास	60
रायगडा सिटी	45
कटक	43
खरियार रोड जागृति	42
कांटाबांजी	38
पटनागढ़	35
पदमपुर	34
खरियार	30
भुवनेश्वर	27
भवानीपटना	26
बरपाली	19
देवगढ़ सिटी	17
सिंघीकेला	16
सरायकेला	16
बौधराज	13
झारसुगुड़ा	13
राजगाँगपुर	12
लाठौर	12
जेयपुर टाउन	10
राउरकेला सिटी	10
करंजिया	9
सम्बलपुर नवचेतना व खेतराजपुर	9
बंगोमुंडा	8
गौशाला	7
पाइकमाल	6
मदनपुर रामपुर	6
टिटिलागढ़ सेन्ट्रल	6
सम्बलपुर नवयुग	6
डूंगरीपाली	6
लोईसिंघा	6
जटनी सिटी	4
राउरकेला	4

प्रांत व शाखा	यूनिट
ओडिशा प्रांत	**लाइव**
तुसरा जागृति	4
झारबन्ध	3
सैंतला	2
तुसरा	2
खरियार रोड	1
छत्तीसगढ़ प्रांत	
बसना	22
सक्ती	18
बसना उन्नति	17
चाम्पा	8
भगत देवरी	7
खरसिया जागृति	7
पिथौरा	5
मनेन्द्रगढ़ तेजस्वनी	2
झलप	2
पिथौरा उदय	1
शिवरीनारायण जागृति	1
राजस्थान प्रांत	
जयपुर कैटिपल	4
जोधपुर मयूरध्वज	3
सरदार शहर	2
दिल्ली प्रांत	
दिल्ली	13
पूर्वी दिल्ली	7
गुरूग्राम	1
दिल्ली मिडटाउन	1

1 अप्रैल से 31 मई 2025 तक कुल रक्तदान

4456 युनिट्स


मुंगेर शाखा


गुरूग्राम शाखा


दिल्ली शाखा


चाम्पा शाखा


ताण्डूर शाखा

नेत्रदान – अंगदान – देहदान

अप्रैल-मई माह 2025 में परिवारजनों की सहमति से नेत्रदान।

क्र.सं.	शाखा	नेत्रदान दाता	सहमति	दिनांक	अस्पताल/नेत्रालय
1	गुवाहाटी	संजय कुमार जी खेमका	परिवार	11 अप्रैल	श्री शंकरदेव नेत्रालय, गुवाहाटी
2	गुवाहाटी	संगीता देवी खेमानी	परिवार	16 अप्रैल	श्री शंकरदेव नेत्रालय, गुवाहाटी
3	गुवाहाटी	प्रमोद जी अग्रवाल	परिवार	17 अप्रैल	श्री शंकरदेव नेत्रालय, गुवाहाटी
4	गुवाहाटी/बोकाखात	निशांत जी जालान	परिवार	23 अप्रैल	जयुती आई बैंक, जोरहाट
5	मोरानहाट	विमला देवी बेड़िया	कमल बेड़िया (पुत्र)	20 मई	दृष्टि नेत्रालय, डिब्रुगढ़

1. **चित्रकला प्रतियोगिता : झारखंड प्रांत** की धनबाद शाखा एवं धनबाद शक्ति शाखा के तत्वावधान में करीब 1200 बच्चों के मध्य अंगदान व देहदान पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित। सभी बच्चों को सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।
2. **नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम : ओडिशा प्रांत** की बरगढ़ जागृति शाखा द्वारा 11 स्थानों पर नेत्रदान कार्यक्रम हेतु बैनर लगवाकर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

कन्या भ्रूण संरक्षण

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

रिसड़ा शाखा – मातृदिवस स्थानीय नर्सिंग होम में शिशु किट वितरण।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

स्टील सिटी शाखा – स्थानीय एमजीएम अस्पताल में जन्मी २४ बच्चियों हेतु उनकी माताओं को बेबी किट व पोष्टिक आहार प्रदान किये। सरायढेला शाखा – धनबाद क्लब में कन्या भ्रूण संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन, प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा पोस्टर का विमोचन कर जागरूकता अभियान चलाया। कन्या शिक्षा हेतु गोद लेना, शिक्षा हेतु व अन्य आर्थिक मदद, कैरियर काउंसिलिंग, बेबी किट वितरण जैसे कार्यक्रम – झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा, स्टील सिटी शाखा, स्टील सिटी सुरभि शाखा, टाटानगर अचीवर्स शाखा, दुमका शाखा, गोविन्दपुर शाखा, गोविन्दपुर उन्नति शाखा, झरिया शाखा।




सरायढेला शाखा द्वारा कन्या भ्रूण संरक्षण पर कार्यशाला

मंच डायरेक्ट्री 2025-26 का प्रकाशन

मंच डायरेक्ट्री 2025-26 के प्रकाशन पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इस बार राष्ट्रीय कार्यालय में प्राप्त सूचनाओं की अन्तिम तिथि 15 जुलाई, 2025 रखी गयी है।

प्रांत स्तर पर – सभी प्रान्तीय अध्यक्षों से आग्रह है कि अपने प्रांत की प्रांतीय कार्यकारिणी की सूची - नाम, पद, पता, मोबाइल वाट्सअप नम्बर, ईमेल पता सहित, निर्धारित तिथि तक राष्ट्रीय कार्यालय भेजकर अवश्य सुनिश्चित करें।

शाखा स्तर पर – सभी शाखाओं से आग्रह है कि अपने शाखा के चुनाव सम्पन्न कर अध्यक्ष, मंत्री सहित समस्त सदस्यों की पूर्ण पते (नाम, पता, मोबाइल वाट्सअप नम्बर, ईमेल पता, आयु साक्ष्य, इत्यादि) सहित सूची निर्धारित तिथि तक राष्ट्रीय कार्यालय में भेजकर अवश्य सुनिश्चित करें। जिन शाखाओं की सूचना प्राप्त नहीं होगी, उनके पिछले पदाधिकारियों के नाम, पता प्रकाशित नहीं होंगे। कृपया सभी प्रान्तीय एवं शाखा अध्यक्ष मंच डायरेक्ट्री में प्रकाशन हेतु उपरोक्त सूचना अविलम्ब व अवश्य प्रेषित करें।



राष्ट्रीय प्रकल्प

आनंद सबके लिए कार्यक्रम

जनसेवा के तहत 'आनन्द सबके लिए' वर्ष दर वर्ष चलने वाली सतत् प्रक्रिया और मंच का राष्ट्रीय प्रकल्प है। इसमें शाखाएं निरन्तर जनसेवा के कार्य करती रहती हैं। शाखाओं द्वारा विभिन्न सामाजिक, धार्मिक पर्व-त्यौहारों, जयंतियों, जरूरतमंद लोग, दिव्यांग आश्रम, वृद्धाश्रम, अनाथालय, धार्मिक रैलियों, विविध आश्रयस्थलों, स्कूल-विद्यालयों, मलीन बस्तियों, विभिन्न सार्वजनिक अवसरों पर कामगारों, राहगीरों, जरूरतमंदों में पेयजल, जूस, शर्बत, खाद्यान्न, मिष्ठान, आर्थिक मदद, छाता, दैनिक प्रयोग की वस्तुएं, कपड़े, गमछे, गिफ्ट इत्यादि वितरित किये गये। प्रांतवार शाखाएं निम्नलिखित हैं -

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच :

तेजपुर जागृति शाखा, तेजपुर शाखा, दुमदुमा प्रगति शाखा,



दीमापुर अमृत समृद्धि शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

कोकराझार जागृति शाखा, कोकराझार, गुवाहाटी शीरोज शाखा, गुवाहाटी अमृत उदय शाखा, गुवाहाटी शाखा, गुवाहाटी समृद्धि शाखा, शिवसागर प्रगति शाखा, दीमापुर अमृत समृद्धि शाखा, तिनसुकिया शाखा, तिनसुकिया प्रगति शाखा, सिल्चर शाखा, बेलटोला शिखर शाखा, नगांव समृद्धि शाखा, ईटानगर समृद्धि शाखा।

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

कूचबिहार शाखा, कूचबिहार हेरिटेज शाखा, कालिम्पोंग शाखा, कालिम्पोंग ऊर्जा शाखा, सिलीगुड़ी शाखा, सिलीगुड़ी सेवक साथी शाखा, सिलीगुड़ी स्पर्श अर्णव शाखा, सिलीगुड़ी मुस्कान शाखा, सिलीगुड़ी सेवक शाखा, इस्लामपुर शाखा, इस्लामपुर एकता शाखा, आसनसोल अनंता शाखा, चांचल अर्णव शाखा, समसी अर्णव शाखा, अलीपुरद्वार शाखा, अलीपुरद्वार मिडटाउन शाखा, बर्नपुर शाखा,



सिलीगुड़ी स्पर्श अर्णव शाखा द्वारा आनंद सबके लिए



मालदा अनंता शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

बर्नपुर चेतना शाखा, बाराद्वारी अनंता शाखा, बाराद्वार जागृति शाखा, दालखोला शाखा, दालखोला अनंता शाखा, जलपाईगुड़ी ग्रेटर शाखा, रिसड़ा शाखा, कालियागंज कलिका अनंता शाखा, मालदा अनंता शाखा, बीरपाड़ा अनंता शाखा, जयगांव शाखा, दुर्गापुर मिडटाउन शाखा, बीनागुड़ी शाखा।

बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

रामनगर शाखा, किशनगंज प्रगति शाखा, किशनगंज शाखा, नाथनगर शाखा, नवगछिया शाखा, नवगछिया जागृति शाखा, बेगुसराय शाखा, बौसी शाखा, दरभंगा शाखा, खगड़िया मिडटाउन शाखा, खगड़िया



मुजफ्फरपुर संस्कृति शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

शाखा, सहरसा संस्कृति शाखा, मुजफ्फरपुर शाखा, मुजफ्फरपुर संस्कृति शाखा, बगहा शाखा, मुंगेर शाखा, पटना उमंग शाखा, फॉरविसगंज शाखा, सुल्तानगंज संस्कृति शाखा, सुल्तानगंज शाखा, मोतीहारी शाखा, मोतीहारी सृष्टि शाखा, नरकटियागंज शाखा, भागलपुर शाखा, भागलपुर उदय शाखा, भागलपुर सिद्धि शाखा, कटिहार शाखा, कटिहार जागृति शाखा, बेतिया शाखा, बेतिया गरीमा शाखा, त्रिवेणीगंज शाखा, त्रिवेणीगंज प्रेरणा शाखा, बनमनखी शाखा,



दरभांगा शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

मधेपुर शाखा, मधेपुरा युवा शक्ति शाखा, पटना शाखा, गोपालगंज शाखा, झाझा शाखा, बिथान शाखा, पाटलीपुत्र शाखा।

झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

टाटानगर अचीवर्स शाखा, खूंटीनगर शाखा, दुमका शाखा, दुमका प्रेरणा शाखा, चाईबासा शाखा, चाईबासा जागृति शाखा, झुमरीतिलैया प्रेरणा शाखा, सरायकेला शाखा, सरायढेला शाखा, झरिया शाखा, झरिया समृद्धि शाखा, नोनीहाट शाखा, नोनीहाट प्रगति शाखा,



दुमका प्रेरणा शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

जमशेदपुर शाखा, डाल्टनगंज शाखा, स्टील सिटी शाखा, स्टील सिटी सुरभि शाखा, भागा शाखा, गिरीडीह प्रेरणा शाखा, केंदुआ शाखा, बेरमो शाखा, देवघर शाखा, रामगढ़ कैन्ट शाखा, रामगढ़ कैंट चेतना शाखा, रांची शाखा, रांची समर्पण शाखा, खूँटीनगर शाखा, चाकुलिया संकल्प शाखा, आकृति व्हील्स काली माटी शाखा, चास बोकारो शाखा, धनबाद शाखा, धनबाद शक्ति शाखा, धनबाद कोलसिटी शाखा, धनबाद कोयलांचल शाखा, बेरमो शाखा, केन्दुआ शाखा, जामाताड़ा शाखा, जामताड़ा समृद्धि शाखा, साहेबगंज शाखा, चक्रधरपुर शाखा, मधुपुर शाखा, गोविन्दपुर शाखा, हजारीबाग शाखा।

उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

वाराणसी वरुणा शाखा, वाराणसी उदया शाखा, वाराणसी अन्नपूर्णा शाखा, वाराणसी गंगा शाखा, बाराबांकी संस्कृति शाखा, गोंडा



बाराबनकी संस्कृति शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

देवीपाटन शाखा, बाराबंकी शाखा, सोनभद्र शाखा, सोन महिला शाखा, प्रयागराज संगम शाखा, सुल्तानपुर गोमती शाखा, सिसवा बाजार शाखा, गोरखपुर उडान शाखा, गोरखपुर शाखा, गोरखपुर संगिनी शाखा, मऊ चेतना शाखा, अयोध्या शाखा, बरेली शाखा, बरेली आदि शक्ति शाखा, बरेली नाथनगर शाखा, पडरौना शाखा, बहराइच पलाश शाखा, बइराइच शाखा, काशी शाखा।



पूर्वी दिल्ली शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

दिल्ली प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

गुरूग्राम शाखा, दिल्ली सूर्य शक्ति शाखा, दिल्ली शाखा, दिल्ली मिडटाउन शाखा, पूर्वी दिल्ली शाखा।

राजस्थान प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

श्रीगंगानगर शाखा, सूरतगढ़ शाखा।



सूरतगढ़ शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

पंजाब :

लुधियाना शाखा – निर्जला एकादशी पर दूध-शर्बत की छबील लगायी, सभी सदस्यों का सहयोग रहा, सैकड़ों आमजनों शर्बत पीकर आनन्द उठाया। मई माह में विभिन्न स्थानों पर सदस्यों ने अपने-अपने स्तर पर आमजन हेतु पेयजल व्यवस्था की।



लुधियाना शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

ओडिशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

बंगोमुंडा शाखा, संबलपुर नवचेतना शाखा, संबलपुर शाखा, संबलपुर शक्ति शाखा, आत्ताबिरा जागृति शाखा, बरगढ़ जागृति शाखा, बरगढ़ शाखा, बरगढ़ सृष्टि शाखा, सोहेला शाखा, भवानीपटना शाखा,



बरगढ़ जागृति शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

भवानीपटना जागृति शाखा, कटक विकास शाखा, राजगाँगपुर शाखा, राजगाँगपुर जागृति शाखा, देवगढ़ सिटी शाखा, जगन्नाथ पुरी शाखा, राउरकेला जागृति शाखा, करंजिया शाखा, लुइसिंघा शाखा, भुवनेश्वर शाखा, बिनका शाखा, बौधराज शाखा, सिनापाली शाखा, बरपाली प्रेरणा शाखा, कुचिंडा जागृति शाखा।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

खरसिया शाखा, खरसिया जागृति शाखा, अम्बिकापुर शाखा अम्बिकापुर महिला शाखा, सरसीवा शाखा, सरसीवा जागृति शाखा, बिलासपुर जागृति शाखा, बांकीमोगरा शाखा, चाम्पा शाखा, चाम्पा



खरसिया जागृति शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

स्पंदन शाखा, कोरबा महिला शाखा, रायपुर सेन्ट्रल शाखा, सरायपाली शाखा, सरायपाली जागृति शाखा, बाराद्वार जागृति शाखा, चन्द्रपुर चन्द्रहासिनी शाखा, बसना शाखा, बसना उन्नति शाखा, सूरजपुर संस्कृति शाखा, सूरजपुर शाखा, सक्ती महिला शाखा, दर्री जमनीपाली शाखा, जांजगीर नैला शाखा, जांजगीर नैला जागृति शाखा, भाटापारा ग्रेन सिटी शाखा, मनेन्द्रगढ़ शाखा, मनेन्द्रगढ तेजस्वनी शाखा, अकलतरा महिला शाखा, पिथौरा शाखा, पिथौरा उदय शाखा, शिवरीनारायण जागृति शाखा, भंवरपुर शाखा, झलप शाखा, कटघोरा नवचेतना शाखा, केसिंगा शाखा।

महाराष्ट्र प्रदेशीक मारवाड़ी युवा मंच :



अकोला शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

भायंदर शाखा, इचलकरंजी शाखा, इचलकरंजी मिडटाउन शाखा, हिंगनघाट महिला शाखा, हिंगणघाट शाखा, अकोला शाखा, अकोला मिडटाउन शाखा, औरंगाबाद मिडटाउन शाखा, जालना शाखा, नासिक मिडटाउन शाखा, सोलापुर मिडटाउन शाखा, अंबड मिडटाउन शाखा, यवतमाल मिडटाउन शाखा।

गुजरात प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

मुंद्रा पोर्ट शाखा, सूरत शाखा, सूरत मुस्कान शाखा, सूरत जागृति शाखा।



सूरत शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

बैंगलोर स्टार्स शाखा, बैंगलोर शाखा, बैंगलोर जागृति शाखा।

आन्ध्र प्रदेश तेलंगाना प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

विजयनगरम शाखा, सिकंदराबाद पर्ल शाखा, शमशाबाद शाखा, सिकन्दराबाद शाखा, बेलमपल्ली शाखा, ताण्डूर शाखा, निजामाबाद शाखा, कोतूर शाखा।



शमशाबाद शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

तमिलनाडू प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

पांडिचेरी शाखा सभी सदस्यों ने मई माह में हर (चार) रविवार को करीब २००० लोगों में शहर के अलग-अलग जगहों पर छाछ वितरण किया और जनता में समाज की सेवाभावना की प्रतिबद्धता को दर्शाया।। आमजन में शाखा की जमकर सराहना की गयी।



पांडिचेरी शाखा द्वारा आनंद सबके लिए

जीवदया व पशु कल्याण

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच :

दुमदुमा प्रगति शाखा – गौसेवा में सवामणी की, गायों के गले में बांधने के लिए रेडियम बैल्ट वितरित की गयी, चारा दाना पानी डाला गया। पक्षियों हेतु पानी की सुविधा कराई। तिनसुकिया प्रगति शाखा – गौशाला में जाकर गौसेवा का आयोजन किया गया।। शिमलगुड़ी शाखा – गायों को चारा, पानी एवं खाद्यान्न डाला गया। गुवाहाटी ग्रेटर शाखा, बेलटोला शिखर शाखा – जीव अमृतधारा लगाने हेतु लोगों को प्रेरित एवं जागरूक किया गया। गुवाहाटी उदय शाखा – माह में दो बार गायों को चारा, खाद्यान्न डाला, पानी का प्रबंध किया, सदस्यों ने पक्षियों हेतु छतों, पार्को में दाना, पानी की व्यवस्था एवं लोगों को भी जागरूक किया गया।

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

चांचल अर्णव शाखा, सिलीगुड़ी स्पर्श अर्णव शाखा – गौशाला में गौसेवा का आयोजन। सिलीगुड़ी मुस्कान शाखा – फॉउडेशन दिवस पर गौशाला हेतु गौसेवा का आयोजन, अमावस्या पर गौशाला में गौसेवा की गई। गंगटोक सिटी शाखा – विश्व आवारा पशु दिवस पर पशु सेवा हेतु सम्मान व खाने हेतु सामग्री प्रदान की गई। दालकोला अनंता शाखा, आसनसोल सिटी शाखा – स्थानीय गौशाला में गायों को चारा, खाद्यान्न आदि एवं पक्षियों को दाना व पानी डाला गया। बर्नपुर चेतना शाखा – सदस्यों ने छत व आंगन में जानवरों व पक्षियों हेतु दाना व पानी की व्यवस्था की।

बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

भागलपुर सिद्धि शाखा, कटिहार शाखा, पटना उमंग शाखा, कटिहार जागृति शाखा – गौशाला में गाय को रोटी, चारा, सब्जी, गुड़ खिलाया व पानी पिलाया कर गौ सेवा दी। सहरसा संस्कृति शाखा – बेजुबान पक्षियों हेतु पानी व दाना की व्यवस्था की। सुल्तानगंज संस्कृति शाखा, फॉरविसगंज शाखा, किशनगंज शाखा – पशु, पक्षियों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था की गयी। बेगुसराय शाखा – गौसेवा की गयी। पुरैनी शाखा – पक्षियों हेतु आमजन एवं सदस्यों में छोटे प्लास्टिक टब बांटे गये, साथ ही अग्रसेन भवन में १५ बर्तन रखे गये। मुजफ्फरपुर संस्कृति शाखा – जीव मित्रता दिवस के रूप में मनाते हुए-पशु, पक्षियों हेतु दाना, पानी, खाद्यान्न, चारा आदि की व्यवस्था जारी। बेतिया शाखा, मोतीहारी सृष्टि शाखा, मोतीहारी शाखा – पशु व पक्षियों हेतु खाद्यान्न व पानी, दाने की व्यवस्था की।



सिलीगुड़ी स्पर्श अर्णव शाखा द्वारा गौसेवा



पटना उमंग शाखा द्वारा गौसेवा का आयोजन

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

सरायढेला शाखा – शहर में गायों जलनाद रखे गये। धनबाद शाखा व धनबाद शक्ति शाखा – गौशाला में गायों को गुड़, चोकर, घास डाली गयी। स्टील सिटी शाखा – २० वर्ष पूरे होने पर जमशेदपुर गौशाला में गायों को चारा, खाद्यान्न आदि खिलाया, पक्षियों को दाना, पानी का प्रबंध किया। रांची शाखा, डाल्टेनगंज शाखा, चाकुलिया संकल्प शाखा, स्टील सिटी सुरभि शाखा, चास बोकारो शाखा, चन्द्रपुरा शाखा, गिरिडीह शाखा, नौनीहाट प्रगति शाखा, दुमका शाखा, रामगढ़ कैंट चेतना शाखा, केन्दुआ शाखा, झरिया शाखा, झरिया समृद्धि शाखा, भागा शाखा, गोविन्दपुर शाखा, गोविन्दपुर उन्नति शाखा, धनबाद



भागलपुर सिद्धि शाखा द्वारा गौसेवा का आयोजन

कोयलांचल शाखा, धनबाद कोलसिटी शाखा, कतरासगढ़ शाखा, चास उड़ान शाखा, बाघमारा शाखा – जीवदया हेतु गायों व पक्षियों हेतु खाद्यान्न, पानी, चारा, दाना डालने के कार्य किये।



रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा गौसेवा

उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

सुल्तानपुर गोमती शाखा – गौशाला में गौसेवा का आयोजन जिसमें खाद्य सामग्री व पेय जल व्यवस्था व पक्षियों को हेतु पानी व दाना की



सुल्तानपुर गोमती शाखा द्वारा गौसेवा

व्यवस्था। गोरखपुर संगिनी शाखा - गौशाला में गायों को हरा चारा, गुड़, केला, खीरा आदि खिलाए। बरेली शाखा - सदस्यों द्वारा पक्षियों के लिए सदस्यों ने छतों पर दाना व पानी की व्यवस्था की। पडरौना शाखा - गौशाला का दौरा कर गायों को पौष्टिक चारा और अन्य खाद्य सामग्री डाली। गोण्डा देवी पाटन शाखा - गौवंश व पक्षियों हेतु खाद्यान्न एवं पानी का प्रबंध किया गया। वाराणसी गंगा शाखा, काशी शाखा - पशु-पक्षियों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था की। वाराणसी उदया शाखा - पशु, पक्षियों हेत खाद्यान्न व पानी की व्यवस्था की। गोरखपुर उड़ान शाखा, प्रयागराज संगम शाखा - छतों पर पक्षियों हेतु दाना-पानी प्रबंध, गौशाला में गायों को चारा, खाद्यान्न डाला गया।


वाराणसी गंगा शाखा द्वारा गौसेवा

बहराइच पलाश शाखा, बरेली आदि शक्ति शाखा - पक्षियों हेतु दाना,पानी की व्यवस्था की व गौशाला में गौवंशों को हरा चारा एवं हरी सब्जियाँ डाली गयी। सोनभद्र शाखा - जानवरों हेतु पानी भरी सीमेन्ट कुंड/कोटना/नांद रखा गया। वाराणसी वरूणा शाखा, सोन महिला शाखा - गायों को चारा, खाद्यान्न व पक्षियों हेतु दाना, पानी डाला गया। वाराणसी अन्नपूर्णा शाखा - छतों पर पक्षियों हेतु दाना-पानी प्रबंध किया, महमूरगंज गौशाला में गायों को चारा गुड़ डाला।

दिल्ली प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

पूर्वी दिल्ली शाखा - पक्षियों को दाना-पानी डाला, गायों को चारा,रोटी, हरीघास खिलायी। दिल्ली मिडटाउन शाखा - माह में १५



पूर्वी दिल्ली शाखा द्वारा पक्षियों को दाना


दिल्ली मिडटाउन शाखा द्वारा पक्षियों हेतु दाना-पानी व्यवस्था

से अधिक बार अलग-अलग स्थानों पर गायों हेतु चारा, हरी सब्जी, पानी की व्यवस्था, पक्षियों को विभिन्न जगहों पर कई बार दाना, चारा, पानी डाला गया। दिल्ली सूर्य शक्ति शाखा - अमावस पर गौसेवा का आयोजन, गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री का प्रदान किया, बर्ड अस्पताल में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई। गुरूग्राम शाखा - गौशाला में गौसेवा का आयोजन। दिल्ली साहिबाबाद शाखा - गौ सेवा का कार्य किया।

राजस्थान प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

श्रीगंगानगर शाखा - गौसेवा व जीव दया प्रकल्प के तहत सुखाडिया़ सर्किल स्थित श्रीगौशाला में गौवंश को प्रेमपूर्वक ४ सवामणी तथा ५ क्विंटल हरा चारा, गौशाला में २५ पंखे भेंट व पक्षियों हेतु खाद्यान्न


श्रीगंगानगर शाखा द्वारा पक्षियों हेतु दाना-पानी व्यवस्था

सामग्री प्रदान। श्रीगंगानगर नारी चेतना शाखा - गौशाला में गोसेवा का आयोजन। सूरतगढ़ शाखा - पक्षी हेतु दाने व पानी पीने हेतु ५१ परिंडे की व्यवस्था की, स्थानीय गौशाला में गौवंश बचाव हेतु टीन शैड बनवाया, जिसमें शाखा सदस्यों द्वारा गायों हेतु चारा, पानी की बराबर व्यवस्था की जाती है। जयपुर कैपिटल शाखा - पशु व पक्षियों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था की गयी।

पंजाब :

लुधियाना शाखा - गौवंश एवं पक्षियों के लिए दाना, पानी एवं चारे, चोकर, घास की व्यवस्था की।

ओडिशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

संबलपुर नवचेतना शाखा - गायों के लिए १० जलकुंड रखे, माह में ६ से अधिक बार रोटी, गुड़, ब्रैड, बिस्कुट, सब्जी, फल आदि डालकर गौसेवा की, ५६ भोग कराया, १० स्टील टप व रस्सी दी, २० रेडियम बेल्ट, पक्षियों के पानी संरक्षण हेतु कुंड बनवाये। संबलपुर शाखा एवं संबलपुर शक्ति शाखा - स्थानीय गौशाला में गोसेवा हेतु सवामणी प्रदान, विभिन्न स्थानों पर १० गौ कुण्ड लगाया। कांटाबांजी शाखा, अत्ताबिरा जागृति शाखा - पंछियों हेतु दाना पानी व्यवस्था, गौशाला में


कांटाबांजी विकास शाखा द्वारा गौसेवा

गायों को तरबूज खिलाया। बरगढ़ जागृति शाखा - गौशाला में गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री प्रदान। बरगढ़ सृष्टि शाखा - स्थानीय गौशाला में गोसेवा व पक्षियों हेतु सेवा की गई। भवानीपटना शाखा - गौसेवा हेतु


भवानीपटना शाखा द्वारा गौसेवा हेतु गो कुंड

विभिन्न स्थानों पर गो कुंड स्थापित व प्रदान किये, गौमाता को तत्काल मेडिकल टीम बुलाकर उपचार करवाया। भवानीपटना जागृति शाखा - गौसेवा के अंतर्गत घर के बाहर गायों को खाद्य सामग्री डाली, गर्मी में पक्षियों हेतु घरों की छत पर दाना व पानी की व्यवस्था। कटक विकास - बंदरों हेतु खाद्य सामग्री खिलाई गई। कटघोरा नवचेतना शाखा - पक्षियों हेतु पानी व खाने की व्यवस्था। राजगाँगपुर जागृति शाखा - जीव दया हेतु गौशाला एवं विभिन्न स्थानों पर पशुओं के बीच खाद्य सामग्री की व्यवस्था कराई गई, छतों पर पानी एवं गौ सेवा हेतु गौ कुंड बनाये गये, बच्चों के बीच पंछी प्याला कार्यशाला का आयोजन। जगन्नाथ पुरी शाखा - गौशाला में गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री प्रदान। राउरकेला जागृति शाखा - गौशाला में गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री प्रदान व ५६ भोग व्यवस्था एवं ५१०० की गौशाला में राशि प्रदान, पशु व पक्षियों हेतु खाद्य व पेय जल की व्यवस्था कराई, गौशाला में दूसरी बार ५००१ रूपये प्रदान। बलांगीर समृद्धि शाखा - गायों व छत पर पक्षियों हेतु दाना पानी की व्यवस्था। बौधराज शाखा - हनुमान जन्मोत्सव पर गौ कुंड की स्थापना की। बरपाली प्रेरणा शाखा - घरों में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था कराई। करंजिया शाखा - जानवरों व


जगन्नाथपुरी शाखा द्वारा गौसेवा का आयोजन

पक्षियों हेतु जल कुंडों की व्यवस्था की गयी। बरगढ़ शाखा - प्रत्येक रविवार को सवामणि जारी। राजगांगपुर जागृति शाखा - गौ व पक्षियों हेतु जल-दाना-चारा जारी। कटक विकास शाखा - रामदूतों (बन्दरों) को खाद्यान्न डाला गया। बंगोमुंडा शाखा - जानवरों एवं पक्षियों हेतु जगह-जगह पॉट रखकर खाना-पानी का प्रबंध किया गया। आताबिरा जागृति शाखा, राजगांगपुर शाखा - गायों को चारा, रोटी, गुड़, खाद्यान्न व पानी डाला गया, गौशाला में राशि दी, गौसेवा में सवामणी की गयी, पक्षियों के लिए पानी के कुंड रखवाये गये । भुवनेश्वर शाखा - गौशाला में करीब ७०० वृद्ध गायों की चारा, पानी, दवा आदि से सेवा की जाती, बराबर जारी एवं पक्षियों हेतू दाना-पानी की व्यवस्था कराई गई। खरियार नवज्योति शाखा - घरों की छतों पर एवं पार्को में पक्षियों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था की, गौशाला में सवामणी की। सोहेला शाखा - शहर में जगह-जगह १० पानी कुंड रख गौसेवा की, पक्षियों हेतु दाना-पानी की व्यवस्था कराई गई। केसिंगा शाखा - पशुओं के लिए अस्थायी जल प्याऊ की व्यवस्था की एवं पक्षियों को भी दाना-पानी की व्यवस्था कराई गई।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

सक्ती महिला शाखा - गौशाला में गौमाता हेतु फलों की सवामणी, पशु व पक्षियों हेतु दाना, पानी एवं घरों में शिकोरा लगाये। मनेन्द्रगढ़ तेजस्विनी शाखा - ५० सकोरे बाटे व सभी को प्रोत्साहित किया, गाय को रोटी व चारा खिलाया। अंबिकापुर महिला शाखा - पक्षियों व


पिथौरा उदय शाखा द्वारा गौसेवा

गौसेवा हेतु खाद्य व पेयजल की व्यवस्था। पिथौरा शाखा - १७ गौवंश का रेस्क्यू, गौवंश एवं शहर के चौराहों पर १५४ नग कोटना (सीमेन्ट निर्मित पानी की नांद) रखे व रोजाना उनमें पानी भरने की प्रबंध कराया। रेडियम बेल्ट, श्रीगोविन्द कमला गौधाम के साथ मिलकर २२ गायों को रेस्क्यू कर गोशाला में भेजा, गौशाला संचालन। पिथौरा उदय


सरसीवा जागृति शाखा द्वारा गौसेवा

शाखा - गौशाला संचालन, गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री प्रदान व घरों से सामने कोटना की व्यवस्था, रेडियम बेल्ट पहनाया, पंछी हेतु पानी व दाना की व्यवस्था, गायों को फल, चारा, गुड़ डाला गया, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेश एम जैन भी इस गौसेवा में शामिल हुए। शिवरीनारायण जागृति शाखा - जीवदया हेतु गौसेवा की गई, बर्ड फीडर मंगवाकर एवं जिसमें पक्षियों हेतु दाना पानी व्यवस्था। सरायपाली शाखा - चारा, गुड़, खाद्यान्न, चोकर, हरी सब्जियां, पानी डाला, गोमाता को रेडियम बेल्ट का वितरण। सरायपाली जागृति शाखा - पशु व पक्षियों हेतु पानी एवं दाना की व्यवस्था की। अकलतरा महिला शाखा - पक्षियों को पेयजल की व्यवस्था। बसना शाखा - गौशाला में गौसेवा का आयोजन, गौमाता हेतु पानी के डोंगे की व्यवस्था की, पक्षियों हेतु पानी व दाने की व्यवस्था की। भंवरपुर शाखा - गौशाला में गौसेवा का आयोजन, घायल गौवंश सेवा कर इलाज कराकर खाद्य सामग्री वितरण। कोरबा महिला शाखा - गौशाला में गौसेवा का आयोजन जिसमें खाद्य सामग्री व पेय जल व्यवस्था व पक्षियों को हेतु पानी व दाना की व्यवस्था। सरसीवा जागृति शाखा - गौशाला में गौसेवा व छत पर पक्षियों हेतु पेयजल व्यवस्था। दर्री जमनीपाली शाखा - गौ सेवा कार्य व पशुचिकित्सा कार्यक्रम, गौमाता हेतु पशु पक्षियों हेतु सिकोरे लगाये। चाम्पा शाखा - पशु व पक्षियों हेतु पानी एवं दाना की व्यवस्था की। चाम्पा स्पंदन शाखा - पक्षियों के खाद्य व पेय जल व्यवस्था, गौसेवा हेतु चारा दिया, स्थानीय मठ मंदिर गौशाला में ८० किलो सब्जियां दी। जांजगीर नैला जागृति शाखा - गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री व पक्षियों के बीच मिट्टी के पात्र वितरण। जांजगीर नैला शाखा - विभिन्न जगहों पर बर्डफीटर और सिकोरे की व्यवस्था की, गौशाला में गौसेवा की गई पानी व खाद्य की व्यवस्था की। भाटापारा शाखा - पक्षियों के बीच मिट्टी के पात्र वितरण। कटघोरा नवचेतना शाखा - पक्षियों के खाद्य व पेय जल व्यवस्था। झलप शाखा - सड़क दुर्घटना में दुर्घटनाग्रस्त ५ गौमाता का प्राथमिक उपचार करवाया, गौशाला में गौसेवा के चारा, गुड़, खाद्यान्न, चोकर, हरी सब्जियां, पानी डाला, पक्षियों हेतु छतों पर दाना-पानी प्रबंध किया।। बॉकीमोंगरा शाखा - गौशाला हेतु जमीन दान दी एवं भूमि पूजन कार्य। बिलासपुर शाखा, बिलासपुर जागृति शाखा - सेवाधाम गोलबाजार में गौसेवा की गयी, गौवंश पानी हेतु ४ कोटना रखे गये। चन्द्रपुर चन्द्रहासिनी शाखा - गायों को ५० किलो अनाज, सब्जी, गुड़, चारा, खाद्यान्न फल आदि खिलाये। भाटापारा ग्रेन सिटी शाखा - गौसेवा प्रदान। भगतदेवरी शाखा - ११ कोटने रखे, पक्षियों हेतु दाना-पानी का छतों पर प्रबंध किया। खरसिया शाखा - गायों को चारा, खाद्यान्न डाला, २१ कोटने शहर में गौवंश पानी पीने हेतु रखे।

महाराष्ट्र प्रदेशिक मारवाड़ी युवा मंच :

भायंदर शाखा - जीवदया हेतु पक्षियों व गौसेवा का आयोजन। ईचलकरंजी मिडटाउन शाखा - जीव दया कार्यक्रम के अंतर्गत पक्षियों व गौसेवा का आयोजन, गौशाला में गौसेवा की गई। ईचलकरंजी शाखा - पंछियों हेतु दाना व पानी की व्यवस्था व कुंडियों का वितरण। अकोला मिडटाउन शाखा - पशु व पक्षियों के लिए पानी प्रब्रध हेतु ३० कुंडे वितरण, गौशाला में गायों को गुड़ एवं डेप डाला गया। नासिक मिडटाउन शाखा, यवतमाल मिडटाउन शाखा - गौशाला में गौसेवा का आयोजन। औरंगाबाद मिडटाउन शाखा - गौमाता को चारा खिलाया। हिंगनघाट महिला शाखा - पक्षियों हेतु पानी, दाना की व्यवस्था सदस्यों ने छतों एवं पार्को में की गयी, २७ मई को गायों के लिए चारा, पानी व खाद्यान्न की व्यवस्था की गयी।

गुजरात प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

सूरत जागृति शाखा - माह में १५ बार गौशाला में एवं अन्य गायों को



सूरत शाखा द्वारा गौसेवा

लगभग ४०० गायों को तरबूज, केले, रोटी खिलाई गई पक्षियों को दाना दिया गया और पक्षियों के लिए अलग-अलग १० जगह पर पानी के पात्र लगाए गए। सूरत मुस्कान शाखा - माधव गौशाला में गौवंश को चारा, खाद्यान्न रोटी आदि डाला एवं बीमार गायों को गुड़ एवं दवा हेतु ११०० की राशि गौशाला में अनुदान दी।

आंध्र प्रदेश तेलांगाना प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

सिकन्दराबाद पर्ल शाखा - सदस्यों ने मिलकर २४ मई को लोअर टैंकबंड गौशाला में गायों को चारा आदि डालकर गौसेवा का पुण्य



सिकंदराबाद शाखा द्वारा गौसेवा

लाभ प्राप्त। सिकन्दराबाद शाखा - जीडी मेटला विलेज में कबूतरों को दाना डाला गया, गौशाला में गायों को हरी सब्जियां, घास, चापड़ आदि डाला। कोतूर शाखा - गायों को चारा, खाद्यान्न आदि डाला।

कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

बैंगलोर स्टार्स शाखा - गौशाला में गौसेवा हेतु खाद्य सामग्री व पेय जल प्रदान।

मारवाड़ी भाषा व संस्कृति विकास

पूर्वोत्तर प्रादेशीय मारवाड़ी युवा मंच : दुमदुमा प्रगति शाखा – मारवाड़ी भाषा सीखने हेतु नृत्य प्रतियोगिता करायी गयी। शिलॉग शाखा –



दुमदुमा प्रगति शाखा द्वारा नृत्य प्रतियोगिता

'मारवाड़ी भाषा संस्कृति प्रचार-प्रसार' के तहत कार्यक्रम कर माताओं का सम्मान, नृत्य प्रतियोगिता रखी गयी। सिप व पेन्ट कार्यक्रम किये। बेलटोला शिखर शाखा – लुइतपारिया बिहू कार्यक्रम प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार वितरण। सिल्चर समृद्धि शाखा – मारवाड़ी भाषा व संस्कृति पर सम्भाषण, रैम्प वॉक, ड्रामा आदि के साथ कार्यक्रम किया, बच्चों हेतु गिफ्ट, प्राइज आदि की व्यवस्था रखी गयी। डिमापुर अमृत समृद्धि शाखा – दो समूह में बच्चों के मध्य हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता, विजेताओं में पुरस्कार वितरण। गुवाहाटी ग्रेटर शाखा – बिहु अभिनन्दन पर्व विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाया।

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच : बीरपाड़ा अर्णव शाखा – प्रान्तीय अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के आगमन पर स्वागत-



बीरपाड़ा अर्णव शाखा द्वारा स्वागत-अभिनंदन

अभिनंदन किया। बर्नपुर चेतना शाखा – मंगलपाठ का आयोजन।

बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच : कटिहार जागृति शाखा – पत्रकारिता दिवस का कार्यक्रम शानदार रूप से मनाया। मुंगेर शाखा –



कटिहार जागृति शाखा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम

सदर एसडीओ का स्वागत अभिनन्दन किया। बेतिया शाखा – यूकेजी से १२वी तक प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच : रामगढ़ कैन्ट चेतना शाखा, हजारीबाग शाखा, रांची शाखा, मधुपुर शाखा, जामताड़ा शाखा,



रामगढ़ कैंट चेतना शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम

जामताड़ा समृद्धि शाखा, नोनीहाट शाखा, नोनीहाट प्रगति शाखा – महाराणा प्रताप जयंती पर्वो का आयोजन।

ओडिशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच : राउरकेला जागृति शाखा, बलांगीर समृद्धि शाखा – विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पखाल पार्टी (गेट टू गैदर) आयोजित। खरियार रोड जागृति शाखा – भजन संध्या का आयोजन किया।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच : शिवरीनारायण जागृति शाखा, सरसीवा जागृति शाखा, बसना उन्नति शाखा – परिवार दिवस



अकलतरा महिला शाखा द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम

मनाया, प्याऊ समापन पर स्काउट गाइड के बच्चों को मोमेन्टो व पेन तथा प्रमुख ने सदस्यों को पौधा देकर आभार व्यक्त किया। चाम्पा शाखा – श्यामयात्रा का स्वागत। बिलासपुर जागृति शाखा – मातृ एवं परिवार दिवस मनया। अकलतरा महिला शाखा – सम्मान कार्यक्रम।

महाराष्ट्र प्रदेशिक मारवाड़ी युवा मंच : ईचलकरंजी मिडटाउन शाखा – संस्कृति, लोककला व विकास के तहत महाराणा प्रताप जयंती पर



इचलकरंजी मिडटाउन शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रम

ऑनलाइन प्रतियोगिता करायी, पारतोषिक वितरण किये गये।

गुजरात प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच : सूरत जागृति शाखा – अपनी मारवाड़ी संस्कृति के तहत शहर की १०० माताएं जो अलग-अलग क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं, उनको साड़ी देकर सम्मानित किया।

नारी चेतना के अंतर्गत मातृस्तुति एवं मातृवंदन पखवाड़ा रिपोर्ट

प्रिय युवा साथियों,

दिनांक 25 अप्रैल से 11 मई, 2025 तक राष्ट्रीय स्तर पर नारी चेतना प्रकल्प में मातृत्व दिवस पर मातृस्तुति एवं मातृवंदन पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

देशभर की ज्यादातर शाखाओं ने अनेकानेक कार्यक्रमों का आयोजन किया। माताओं एवं नर्सों को सम्मानित करने के साथ, विविध खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर निबंध एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 13 प्रांतों से 472 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई और प्रत्येक प्रांत से तीन-तीन सर्वोत्तम प्रविष्टियाँ राष्ट्रीय संयोजिका नारी चेतना को साझा की। इस संपूर्ण प्रतियोगिता को राष्ट्रभर में उत्सव की तरह मनाया गया। सभी प्रांतीय अध्यक्षों एवं सभी प्रांतीय, शाखा संयोजिकाओं नारी चेतना ने उत्तम प्रयास करके सभी सदस्यों तक इस प्रतियोगिता की जानकारी दी।

प्रांत से प्राप्त रचनाओं की संख्या का विवरण :-

क्र.सं.	प्रांतीय इकाई	प्राप्त प्रविष्टियां
1.	पूर्वोत्तर प्रादेशीय मारवाड़ी युवा मंच	14
2.	पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	124
3.	बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	37
4.	झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	48
5.	उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	71
6.	दिल्ली प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	15
7.	राजस्थान प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	5
8.	ओड़िशा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	72
9.	छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	15
10.	महाराष्ट्र प्रदेशिक मारवाड़ी युवा मंच	24
11.	गुजरात प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	20
12.	आंध्र प्रदेश तेलंगाना प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	3
13.	कर्नाटक प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच	24

जैसा कि हीरे की तलाश सिर्फ एक जौहरी ही कर सकता है। इसके लिए योग्य, सुशिक्षित और हिन्दी विशेषज्ञ की तलाश की गयी। जिसमें प्रोफेसर ऋषभदेव शर्मा जी, जो हिंदी परामर्शी, दूरस्थ शिक्षा निदेशालय, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी हैदराबाद ने इस प्रतियोगिता के लिए निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी प्रविष्टियों के गहन पठन एवं चिंतन के बाद 31 मई को अंततः इंतजार की घड़ियाँ खत्म हुई, निर्णय हम सब के बीच आ चुका है, सभी विजेताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा और आगामी 'बणी ठणी' विशेषांक में सभी विजेता प्रविष्टियां प्रकाशित की जाएंगी। सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

-: विजेतागण :-

निबंध प्रतियोगिता : सीए दीपाली बंसल - मऊ चेतना शाखा (उत्तर प्रदेश प्रांत) आशीष अग्रवाल - रामगढ़ कैंट शाखा (झारखंड प्रांत) बबीता अग्रवाल - राजगांगपुर जागृति शाखा (ओड़ीशा प्रांत) स्वाति संजय जैन - सूरत मुस्कान शाखा (गुजरात प्रांत)।

कविता प्रतियोगिता : कुसुम अग्रवाल - सूरत जागृति शाखा (गुजरात प्रांत) विनोद सेन - सुजानगढ़ शाखा (राजस्थान प्रांत) स्वाति संजय जैन - सूरत मुस्कान शाखा (गुजरात प्रांत) सनी जैन - बैंगलोर शाखा (कर्नाटक प्रांत)।

अंततः मैं आदणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - राष्ट्रीय मुख्यालय, निर्णायक महोदय, सभी प्रांतीय अध्यक्षगणों, समस्त संयोजक-नारी चेतना एवं डिजाइनिंग टीम सहित सभी को धन्यवाद व आभार व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने मुझे हर संभव सहयोग दिया। भविष्य में भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का मानस है ताकि मंच के हीरों एवं मंच में छिपी प्रतिभाओं को सबके सामने ला सकें और हम भी उनसे स्वयं सीख सकें।





प्रियंका जैन
राष्ट्रीय संयोजिका-नारी चेतना

नारी चेतना पर शाखाओं द्वारा किये कार्यों की रिपोर्ट

पश्चिम बंगाल सिक्किम प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

कालिम्पोंग ऊर्जा शाखा - राष्ट्रीय संयोजिका प्रियंका जैन का सम्मान, मदर्स-डे बच्चों संग पिकनिक कर केक काटकर मनाया। अलीपुरद्वार शाखा - मातृदिवस पर राष्ट्रीय-प्रान्तीय प्रतियोगिता में सहभागिता। कालिम्पोंग शाखा - नर्सडे पर क्लिनिक व सेवा सदन में नर्सो को खादा एवं मिठाई देकर सम्मानित किया। दालकोला अनंता शाखा - माताओं का गिफ्ट व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया, संयुक्त रूप से



कालिम्पोंग शाखा द्वारा नर्सडे पर नर्सो का सम्मान

भोजन कराया, माताओं में राजस्थानी पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिता से नई पीढ़ी को जोड़ा, नर्सो को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। सिलीगुड़ी सेवक साथी शाखा - माताओं को गिफ्ट हेम्पर भेंट कर मातृदिवस मनाया। रिसड़ा शाखा - मातृदिवस स्थानीय नर्सिंग होम में शिशु किट



सिलीगुड़ी सेवक साथी शाखा द्वारा माताओं को उपहार भेंट

वितरण। कालियागंज कालिका अनंता शाखा - नई माओं को कपड़े, किट एवं पोषक दवाएं वितरित की गयी, नर्सो को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

पूर्वोत्तर प्रादेशीय मारवाड़ी युवा मंच :

तेजपुर जागृति शाखा - मदर्स डे उत्सव पर माताओं का सम्मान व कई कार्यक्रम किये, किशोरियों व महिलाओं में सेनेटरी पैड वितरण। जोरहाट शाखा - डॉ. खुशबू बैंगानी को एमबीबीएस उत्तीर्ण पर सम्मानित किया, मदर्सडे पर ऑनलाइन कविता व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित, वृद्धाश्रम में महिलाएं सम्मानित कर गिफ्ट भेंट की। जोरहाट प्रगति शाखा - अव्वल छात्रों को सम्मानित कर मदर्सडे मनाया, विभिन्न कार्यक्रम किये। दुमदुमा प्रगति शाखा - महिलाओं में सेनेटरी पैड व डेटॉल एंटीसेप्टिक दवाएं वितरण, नर्सडे पर नर्सो को सम्मानित किया गया, नृत्य व निबंध प्रतियोगिता के साथ माताओं का सम्मान मदर्सडे मनाया। कोकराझार जागृति शाखा - मातृदिवस पर ऑनलाइन कविता, गाना, नृत्य व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



गुवाहाटी उदय शाखा द्वारा नर्सडे का आयोजन

कर मनाया। बोकाखात शाखा - एमबीबीएस में 48वीं रेंक लाने पर डॉ. चेतना मोर को सम्मानित किया गया, मदर्स-डे पर भाषण व कविता प्रतियोगिता का आयोजन। नगांव शाखा, डिमापुर शिखर शाखा - मातृदिवस आत्मीयता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। तिनसुकिया शाखा - मातृदिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता कर विजेतागण सम्मानित। नलबाड़ी शाखा - वृद्धाश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मदर्सड मनाया। बेलटोला शिखर शाखा - मदर्सडे पर वृद्धाश्रम में राशन वितरण, भोजन व्यवस्था की, सेल्फी कार्यक्रम रखा। सिल्चर समृद्धि शाखा - मातृदिवस पर 4 नवजात शिशु एवं माताओं हेतु किट, कपड़े, बिटामिन, पौष्टिक आहार इत्यादि प्रदान किये। ईटानगर शाखा - मदर्सडे पर माताओं पर कविता, लेख, ड्राइंग आदि करवाकर मातृदिवस मनाया। नगांव समृद्धि शाखा - प्रतिभाशाली अव्वल प्राप्त छात्र सम्मानित, मातृदिवस का आयोजन। गुवाहाटी उदय शाखा - नर्सडे पर अस्पताल की 60 नर्सो एवं डाक्टरों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत व सम्मानित किया। गुवाहाटी समृद्धि शाखा - मदर्सडे, नर्सडे, लेबरडे का आयोजन। डिमापुर अमृत समृद्धि शाखा - अनाथालय में बच्चों की सेवारत माताओं के मध्य केक काटकर मातृदिवस मनाया, उपहार, भोजन पैकेट वितरित किये, ऑनलाइन प्रतियोगिता करायी, विजेतागण सम्मानित किये।

बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

फॉरबिसगंज शाखा - विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हैप्पी मदर्स डे का आयोजन। नवगछिया शाखा - 25 कन्याओं की शादी में आयरन भेंट की गयी। बगहा बाजार शाखा - सभी सदस्यों ने संयुक्त रूप से मातृसेवा व मातृवंदन दिवस का आयोजन कर माताओं का पूजन, वंदन कर सम्मान किया, उपहार भेंट किये गये। किशनगंज प्रगति शाखा - 11 मई को 'श्री उत्सव' के नाम से विभिन्न स्टाल लगाकर मातृदिवस का आयोजन किया, बिदिशा कन्या का नीतू शर्मा द्वारा कन्यादान, उपहार स्वरूप सामान एवं शालिनी अग्रवाल द्वारा घरवा दिया। सहरसा संस्कृति शाखा, नवगछिया जागृति शाखा - मदर्स डे-गिफ्ट व पौधा भेंट केक काटकर मनाया। बेतिया शाखा - नर्सडे पर नर्सो को सम्मानित किया, मदर्सडे पर सेल्फी विद मदर प्रतियोगिता की। सुल्तानगंज शाखा, सुल्तानगंज संस्कृति शाखा, भागलपुर सिद्धि शाखा - मातृदिवस का विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजन। मुजफ्फरपुर संस्कृति शाखा - मातृदिवस पर कविता, लेखन



सहरसा संस्कृति शाखा द्वारा माताओं का सम्मान

प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया। मोतीहारी सृष्टि शाखा - मदर्सडे विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मनाया, बच्चों में जूस व बिस्किट वितरित, सासूमॉओं को सम्मानित किया गया। बेगुसराय शाखा - मातृ दिवस पर सेल्फी प्रतियोगिता रखी, पुरस्कार से सम्मानित किया।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

टाटानगर अचीवर्स शाखा - वृद्धाश्रम में मातृदिवस कार्यक्रम बनाया, नर्सडे पर सम्मान व गिफ्ट भेंट, मदर्सडे पर माताओं का पूजन, वंदन एवं गिफ्ट देकर इत्यादि कार्यक्रम कर मातृदिवस मनाया। दुमका


दुमका प्रेरणा शाखा द्वारा नर्सो का सम्मान

शाखा, दुमका प्रेरणा शाखा, चाईबासा जागृति शाखा, जमशेदपुर शाखा, रामगढ़ कैन्ट शाखा, रामगढ़ कैन्ट चेतना शाखा, रांची समर्पण शाखा, झुमरी तिलैया प्रेरणा शाखा, खूंटी नगर शाखा, स्टील सिटी



नोनीहाट प्रगति शाखा द्वारा माँ का सम्मान

शाखा, स्टील सिटी सुरभि शाखा, झरिया शाखा, झरिया समृद्धि शाखा, बेरमो शाखा, जामताड़ा शाखा, गिरिडीह शाखा, गिरिडीह प्रेरणा शाखा, नोनीहाट शाखा, नोनीहाट प्रगति शाखा, भागा शाखा, धनबाद शाखा, धनबाद शक्ति शाखा - नर्सडे पर सम्मान व गिफ्ट भेंट, मदर्सडे पर माताओं का पूजन, वंदन एवं गिफ्ट देकर इत्यादि कार्यक्रम कर मातृदिवस मनाया।

दिल्ली प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

नारी चेतना (महिला सशक्तिकरण कन्या भ्रूण संरक्षण) : दिल्ली मिडटाउन शाखा - सत्र के प्रथम माह में दो कन्याओं की शादी में


दिल्ली मिडटाउन शाखा द्वारा कन्या विवाह में भेंट

कपड़े, श्रृंगार, आभूषण, बर्तन, दैनिक प्रयोग का सामान इत्यादि उपहार स्वरूप भेंट दिये गये, इससे पूर्व में भी 2 कन्याओं की शादी में सामान व उपहार भेंट, आशादान मिशनरी कड़कड़डूमा में कन्याओं में अंडरगारमेन्ट, कुर्ती-प्लाजो वितरित। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को गुलाब शर्बत बोतल दी गयी।

उत्तर प्रदेश प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच :

गोण्डा शाखा - मातृदिवस को एक पौधा मॉ के नाम का 120 पौधे सदस्यों के घर लगाने हेतु पहुँचाये गये। गोण्डा देवी पाटन शाखा - मदर्सडे पर वृद्धमाताओं के मध्य केक, फल, उपहार वितरण आदि एवं नर्सदिवस पर स्मृति चिन्ह, उपहार एवं गुलदस्ते भेंट कर नर्सो का सम्मान किया, कामकाजी महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किये। बहराइच शाखा - अस्पताल में माताओं में साड़ी, मिठाई, दूध की बोतल, पेयजल वितरित कर मातृदिवस मनाया, मदर्सडे पर बच्चों व


गोरखपुर उडान शाखा द्वारा नर्स का सम्मान

